


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 12 मार्च 2025 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-341 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


## भारत माला परियोजना भू-अर्जन में घोटाला

# सीबीआई से जांच की मांग को लेकर विपक्ष का वाक आउट

## नायकबांधा मामले की जांच संभागायुक्त करेंगे: राजस्व मंत्री, विधायक दल से जांच कराने की मांग आसंदी ने ठुकराई

मुख्य संवाददाता

**रायपुर, 12 मार्च।** विधानसभा में आज भारत माला परियोजना जिला रायपुर-बिलासपुर एवं कोरबा में अर्जित निजी, शासकीय एवं वनभूमि में प्रभावितों को मुवाअजा देने में शासकीय अधिकारियों द्वारा किए गए घोटाले को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को घेरा। राजस्व मंत्री के उत्तर से असंतुष्ट चरणदास महंत ने पूरे मामले की मांग सीबीआई से कराने की मांग की तथा मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए इसकी घोषणा सदन में करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों ने सीबीआई पर प्रतिबंध लगा दिया था। अब सीबीआई से जांच की मांग क्यों कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष से मांग करता हूं कि इसकी जांच विधायक दल की समिति से कराई जाए। आसंदी से रमन सिंह ने कहा कि यदि शासन जांच कराने के लिए तैयार है तो मैं इसकी घोषणा करूंगा। नेताप्रतिपक्ष के बार-बार अनुरोध के पश्चात आसंदी एवं मुख्यमंत्री ने उनका अनुरोध स्वीकार नहीं किया तो कांग्रेस सदस्य सदन से बहिर्गमन कर चले गए। रायगढ़ के फेलो परियोजना भूअर्जन का मामला कांग्रेस के उमेश पटेल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाया। इस प्रशन का उत्तर राजस्व मंत्री नहीं दे पाए जिसके कारण कांग्रेस सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

विधानसभा में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी स्वीकार करते हुए कहा कि अधिसूचना के बाद रकबे का टुकड़ा किया गया. अधिकृत भूमि का दोबारा भू-अर्जन किया गया. ट्रस्ट के बदले ट्रस्ट के व्यक्ति को मुआवजा मिल गया. डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी पर कार्रवाई की गई है.

विधानसभा में आज नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने नायक बांधा में किसानों के 32 खातें को 247 टुकड़ों में विभाजित कर भ्रष्टाचार का मामला सदन में उठाया। राजस्व मंत्री ने बताया कि इस पूरे प्रकरण की जांच संभागयुक्त से कराई जाएगी। इस पूरे प्रकरण में डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे, डिप्टी कलेक्टर निर्भय साहू सहित पटवारी लेखराम देवांगन, दिनेश पटेल, हितेश साहू को निलंबित कर दिया गया है।

इस पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया जाए. निलंबन ऐसी प्रक्रिया है, जिससे दोषी जल्द बच जाते हैं. निलंबन से लौटने के बाद फिर अधिकारी उसी हिसाब से काम करते हैं. मेरा हाथ जोड़कर निवेदन है कि मामले की सीबीआई जांच की मांग स्वीकार कर लें. इस पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने मामले की जांच आयुक्त से कराने का ऐलान किया. विषय पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जांच में कहीं हीलाहवाला नहीं किया जाएगा. कांग्रेस की सरकार ने तो सीबीआई को बैन किया था. इस पर नेता प्रतिपक्ष ने विधायकों की समिति बनाकर मामले की जांच कराने की मांग की.

भारतमाला परियोजना में जांच की मांग पर विपक्ष के हंगामे के बीच सत्तापक्ष के विधायक रिकेश सेन ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस को केंद्रीय एजेंसी पर कब से भरोसा हो गया. जो लोग सीबीआई को बैन करते हैं. ईडी पर भरोसा नहीं है. वह आज जांच की मांग कर रहे हैं. कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने शिकायत के आधार पर जांच के दायरे पर सवाल उठाया. मंत्री ने कहा कि आयुक्त से विस्तृत जांच कराई जाएगी. इसके बाद भारतमाला परियोजना के गड़बड़ी पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने सत्तापक्ष के जवाब से असंतुष्ट होकर हाईकोर्ट जाने का ऐलान किया. इसके साथ ही पूरे विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया.

## संक्षेप

### सहायक आयुक्त के घर फिर से पहुंची एसीबी-ईओडब्लू की टीम

**बीजापुर, 12 मार्च।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक बार फिर ACB-EOW की कार्रवाई देखने को मिली है. भ्रष्टाचार के मामले में घिरे सहायक आयुक्त आनंद सिंह के घर पर आज सुबह से एसीबी की टीम जांच कर रही है. बता दें कि बीते रविवार को भी ACB और EOW की टीम ने सहायक आयुक्त आनंद सिंह के घर दबिश दी थी, लेकिन उनकी अनुपस्थिति के कारण मकान को सील कर दिया गया था. जिसके बाद आज फिर से टीम ने उनके घर पहुंचकर तलाशी शुरू कर दी है. रविवार को एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) और आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (EOW) की संयुक्त टीम ने बस्तर संभाग के बीजापुर और सुकमा में बड़े पैमाने पर छापेमारी की थी. इस दौरान सहायक आयुक्त के जगदलपुर के धरमपुरा स्थित मकान के साथ-साथ उनके दो रिश्तेदारों के बैलाबाजार और धरमपुरा स्थित अन्य मकानों पर भी दबिश दी गई थी. इसके अलावा ACB और EOW की टीम ने सुकमा के डीएफओ (वन मंडल अधिकारी) समेत कई कारोबारियों के ठिकानों पर भी छापा मारा था. इस कार्रवाई के लिए रायपुर से विशेष टीम बस्तर संभाग पहुंची थी.

### सड़क दुर्घटना में 6 की मौत

**तेलंगाना, 12 मार्च।** आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई।आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में एक बस ने नियंत्रण खो दिया और दो मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। दूसरी ओर हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई, जिसमें एक इंजीनियरिंग छात्र की मौत हो गई और पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

### दो आईईडी बरामद

**कांकेर, 12 मार्च।** नक्सलियों की साजिश को एक बार फिर सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया है। कांकेर जिले के कोयलीबेडा थाना क्षेत्र में पानीडोबीर के पास जवानों ने गश्त के दौरान दो आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने इन आईईडी को जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए प्लांट किया था। सुरक्षा बलों को पहले से ही टीसीओसी (टैक्टिकल काउंटर ऑपरेशन कैंपेन) के मद्देनजर अलर्ट पर रखा गया था। इसी सतर्कता के चलते जवानों ने समय रहते नक्सलियों की इस साजिश को विफल कर दिया। बरामद आईईडी को बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया है।

### मैं हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं: दीदी

**कोलकाता, 12 मार्च।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र स्थायी है, लेकिन कुर्सी नहीं। कुर्सी का सम्मान करें। आप मुस्लिम विधायकों को बाहर निकालने के बारे में कैसे सोच सकते हैं। वे (बीजेपी) मुसलमानों को निशाना बना रहे हैं क्योंकि यह रोज़ा का महीना है, और उन्हें यह पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि वे सांप्रदायिक बयान देकर देश का ध्यान आर्थिक और व्यापार पतन से भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं एक हिंदू हूं, और मुझे बीजेपी से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमलों के खिलाफ भाजपा ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि पिछले 4-5 दिनों से बरुईपुर, बशीरहाट में हिंदू मंदिरों और मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। एक भी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत का जश्न मना रहे लोगों पर हमला किया गया।

# धान बेचने से होगा सरकार को आठ हजार करोड़ का नुकसान

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 12 मार्च।** छत्तीसगढ़ सरकार ने इस साल 149 लाख टन धान की खरीदी की है। इसमें से 69 लाख टन सेंट्रल पूल में जाएगा, जबकि 13 लाख टन धान पीडीएस में खप जाएगा। शेष धान की सरकार नीलामी करने जा रही है। धान की नीलामी करने से विष्णुदेव साय सरकार को आठ हजार करोड़ का नुकसान होगा। साय सरकार 40 लाख टन धान की खुले बाजार में नीलामी करने जा रही है। दरअसल, विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन कांग्रेस ने लगभग 40 लाख टन धान की खुले बाजार में नीलामी की राज्य सरकार की तैयारी पर स्थगन प्रस्ताव दिया था। यह प्रस्ताव नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत द्वारा लाया गया था। इसे स्पीकर ने अस्वीकार कर दिया। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि राज्य सरकार ने इस साल 149 लाख टन धान की खरीदी की है। इसमें से 69 लाख टन सेंट्रल पूल में जाएगा, जबकि 13 लाख टन धान पीडीएस में खप जाएगा। इसके बाद जो धान बच रहा है, उसके निराकरण के लिए राज्य सरकार कोई ठोस काम नहीं कर रही है बल्कि उसे खुले बाजार में नीलामी करवाने की तैयारी कर रही है। इससे राज्य सरकार को साढ़े आठ हजार करोड़ का नुकसान होगा। महंत ने कहा कि पंजाब जैसे राज्य में छत्तीसगढ़ से ज्यादा धान खरीदा गया है। इसके बाद भी वहां पर ऐसी कोई शिकायत नहीं है। यहां तो डबल इंजन की सरकार है इसके बाद खुले में नीलामी की तैयारी की जा रही है। यह ठीक नहीं है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार ने स्वीकार किया कि 40 लाख टन धान की नीलामी होगी। इससे राज्य को आर्थिक नुकसान होगा। सरकार को सेंट्रल पूल में चावल का कोटा बढ़ाने की मांग करनी चाहिए। स्थगन का खाद्यमंत्री ने जवाब दिया। इसके बाद स्पीकर रमन ने स्थगन प्रस्ताव अग्राह्य कर दिया।

## केलो प्रोजेक्ट भू-अर्जन में गड़बड़ी पर उबला सदन, बहिर्गमन

**रायपुर, 12 मार्च।** विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केलो प्रोजेक्ट में जमीनों की अफरा-तफरी का आरोप लगाया. विपक्षी सदस्यों ने सदन की समिति से मामले की जांच कराने की मांग को लेकर हंगामा मचाया. इस पर मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया, कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने प्रश्नकाल के दौरान केलो प्रोजेक्ट में भू-अर्जन का मुद्दा उठाते हुए पूर्णता को लेकर सवाल पूछा. मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि परियोजना 80त्न पूरी हो चुकी है. प्रोजेक्ट में 23 प्रकरण



लंबित होने के अलग-अलग कारण हैं. इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रोजेक्ट में जमीनों की अफरा-तफरी का आरोप लगाते हुए सदन की समिति से मामले की जांच कराने की बात कही. मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि विभागीय रुप से जांच कराई जाएगी. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि सदन की समिति से जांच होनी चाहिए. इस पर विपक्ष ने हंगामा मचाते हुए नारेबाजी की. इसके साथ मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया.

## मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च सम्मान मिलना खुशी का क्षण : अमित शाह

**नई दिल्ली, 12 मार्च।** मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान, 'द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से नवाजा। पीएम मोदी को यह सम्मान भारत और मॉरीशस के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके अमूल्य योगदान के लिए दिया गया। पीएम मोदी को मॉरीशस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलने पर तमाम नेताओं ने बधाई दी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मॉरीशस के सर्वोच्च पुरस्कार 'द ग्रांड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार एंड की ऑफ द इंडियन ओशन' से सम्मानित किए जाने पर बधाई। पीएम मोदी के लिए यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार उनकी वैश्विक राजनीति का एक और सम्मान है, जो वसुधैव कुटुम्बकम के प्राचीन मंत्र के साथ अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को आकार दे रहा है। यह भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए एक हर्ष का क्षण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मान को प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं, और यह 21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार है, जो उन्हें किसी अन्य देश द्वारा प्रदान किया गया है। इस अवसर पर मॉरीशस के प्रधानमंत्री रामगुलाम ने कहा कि मोदी पांचवे विदेशी नागरिक हैं, जिन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है।

# ट्रेन हाईजैक में भारत का हाथ: पाकिस्तान

**करांची, 12 मार्च।** पाकिस्तान में हुए ट्रेन हाईजैक की घटना को लेकर पाकिस्तान ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए है. शहबाज सरकार ने दावा किया है कि इस हमले के पीछे भारत का हाथ है. प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के अंदर से भारत इन हमलों को संचालित कर रहा है. गौरतलब है कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मंगलवार (11 मार्च, 2025) को बलूच आर्मी ने क्वेटा से पेशवार जा रही जाफर एक्सप्रेस को अगवा कर लिया है. ट्रेन में करीब 500 से यात्री सवार थे. इनमें से 214 यात्रियों को बीएलए ने बंधक बनाने का दावा किया है. अब इस ट्रेन हाईजैक में पाकिस्तान ने भारत के हाथ होने का दावा किया है. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने समाचार एजेंसी डॉन से बातचीत में कहा, 'अफगानिस्तान के अंदर से भारत इन हमलों को संचालित कर रहा है.' उन्होंने पत्रकार के सवाल 'क्या तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) और बलूच विद्रोहियों के बीच कोई संबंध है? क्या ञ्जञ्जक्कबलूचों को समर्थन देता है?' के जवाब में कहा, 'ये सब इंडिया कर रहा है, इसमें कोई शक नहीं है. इसके बाद बलूच विद्रोहियों को अफगानिस्तान में सुरक्षित ठिकाना मिल जाता है.' पाकिस्तान सरकार के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने आगे कहा, 'वे हर तरह की साजिश अफगानिस्तान में बैठकर रचते हैं. पाकिस्तान के दुश्मन सक्रिय हैं और इसमें अब कोई दूसरी राय नहीं है. उन्होंने कहा कि यह न तो कोई राजनीतिक मसला है और न ही किसी एजेंडे का हिस्सा, बल्कि एक साजिश है.' राणा ने भारत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, ' भारत तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) और बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) दोनों का समर्थन कर रहा है.' पाकिस्तान सरकार के सलाहकार ने यह भी दावा किया कि अफगानिस्तान में उनके पास सुरक्षित ठिकाने हैं, जिसकी वजह से उनके हमले बढ़ गए हैं. राणा सनाउल्लाह ने कहा कि, तालिबान के सत्ता में आने से पहले उन्हें इतनी छूट नहीं थी, लेकिन अब वे खुलेआम गतिविधियां चला रहे हैं. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'पाकिस्तान ने अफगान सरकार से साफ कह दिया है.

# कार से साढ़े 4 करोड़ रुपये बरामद

रायपुर, 12 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़

राजधानी में चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. चेकिंग प्वाइंट पर चेकिंग के दौरान इनोवा कार से करीब साढ़े 4 करोड़ रुपए नगद बरामद किया है. नगद के साथ पुलिस ने 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है, जिससे पैसे के संबंध में पूछताछ की जा रही है. पूरा मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के मुताबिक व्हाइट इनोवा 23 BH 8886 J रायपुर से करीबन साढ़े चार करोड़ रुपए नगद लेकर महाराष्ट्र मुंबई के लिए रवाना हुई थी. इनोवा कार के अंदर अलग से डेक बनाकर नगद रकम को छुपाया गया था. इस रकम को हवाला का बताया जा रहा है. पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आमानाका में चैकिंग पॉइंट बनाकर आरोपियों को धर दबोचा. जानकारी के मुताबिक कार में ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति सवार था. जिसने पूछताछ में बताया की पैसे के संबंध में उसे कोई जानकारी नहीं है. नागपुर के पास से उन्हें गाड़ी को बदलने के लिए कहा गया था. इस मामले आजाद चौक सब डिवीजन सीएसपी IPS अमन झा ने बताया की बड़ी मात्रा में नगद रकम बरामद किया गया है. कार चालक और उसके सहयोगी ने रकम की कोई जानकारी नहीं दी है. फिलहाल जब्ती की कार्रवाई कर आगे जांच की जा रही है.





### वित्त मंत्रीने गांव में खाट पर लिया भोजन का आनंद

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने गांव से एक वीडियो जारी किया है, जिसमें वे अपनी गांव के घर में भोजन करते नजर आ रहे हैं. खास बात यह है कि इस वीडियो में ओपी चौधरी गांव में हरियाली के बीच घर के छत पर सुकून से खाट पर बैठकर खाना खा रहे हैं. इस वीडियो को एक्स पर शेयर करते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ी में लिखा कि गांव घर के सोन्हा खुसबू, खटिया के सुकुन, अउ दाल-भात-चटनी के सुवाद जय हो छत्तीसगढ़ महतारी.

# ई-वे बिल जांच के नाम पर अवैध वसूली का मामला सदन में उठा

## मंत्री ओपी चौधरी बोले-आरोप गलत, टैक्स वसूली के लिए टेरर क्रिएट करना उद्देश्य नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 12 मार्च।** ई-वे बिल जांच के नाम पर वसूली का मामला भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने ध्यानाकर्षण के जरिए सदन में उठाया. अनुज शर्मा ने कहा कि ई-वे बिल के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि जांच के नाम पर अवैध वसूली की कोई शिकायत नहीं मिली है. भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने ई-वे बिल के नाम पर गाड़ियों को रोका जाता है, लेकिन लेन देन कर छोड़ दिया जाता है. व्यवसाइयों को बेवजह परेशान किया जा रहा है. वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि जांच के नाम पर अवैध वसूली की कोई शिकायत नहीं मिली है. एप के जरिए वाहनों की जांच की जाती है. बिल नहीं पाये जाने पर विभाग के अधिकारियों को वीडियो अपलोड कर व्हाट्स एप पर सूचना दी जाती है. 31 करोड़ को शास्ति वसूल की गई. मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा चुनिंदा अधिकारियों की एक ही जगह पर ड्यूटी नहीं लगाई गई है. पूरे प्रदेश में ई वे बिल जांच के लिए 15 टीमों का गठन किया गया है. 63 अधिकारी ई-वे बिल की




जांच कर रहे हैं. कर अपवंचन करने वाले लोगों के खिलाफ ही कार्रवाई की जाती है. कर अपवंचन रोकने विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है. कारोबारियों से अवैध वसूली नहीं की जाती है. अनुज शर्मा ने कहा कि बिना ई-वे बिल के समान भेजने वाले कारोबारियों के ख़िलाफ़ क्या कार्रवाई की जाती है? मंत्री ने बताया कि कोई भी कारोबारी एप के जरिए दो मिनट के भीतर ई-वे बिल जारी कर सकता है. किसी भी टोल पर ऐसी गाड़ी आसानी से स्कैन हो जाती है. भारत सरकार का सॉफ्टवेयर बीफा है, जिसके जरिए आसानी से ट्रैकिंग की जा सकती है. ई-वे बिल जारी करने की लिमिट पचास हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए कर दिया है. भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने पूछा कि ई-वे बिल जारी कर कारोबार करने वाले कितने कारोबारियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई की गई? इस पर मंत्री चौधरी ने कहा कि टैक्स वसूली के लिए टेरर क्रिएट करना उद्देश्य नहीं होता है. सॉफ्टवेयर में फ्लैश होने पर कार्रवाई की जाती है. जो ट्रांसपोर्ट करता है, प्रारंभिक जिम्मेदारी उसकी होती है.

हमने करीब सौ के आसपास सीमित संख्या में रेड की कार्रवाई की है.

# अमेरिकी वस्तुओं पर भारतीय टैरिफ मौजूदा व्यापार स्थिति में मदद नहीं कर रहे

**वाशिंगटन, 12 मार्च।** भारत की आलोचना करने के अलावा, लेविट ने निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं के लिए ट्रंप की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए कनाडा पर अमेरिका को लूटने का भी आरोप लगाया। राष्ट्रपति दशकों से कनाडा द्वारा अमेरिका और मेहनतकश अमेरिकियों को लूटने के मामले में जवाब दे रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर पारस्परिक टैरिफ लगाने की 2 अप्रैल की समयसीमा समाप्त होने में एक महीने से भी कम समय बचा है, व्हाइट हाउस ने अमेरिकी शराब और कृषि उत्पादों पर टैरिफ लगाने के लिए नई दिल्ली की आलोचना की है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रेस सचिव कैथरीन लेविट ने सुझाव दिया कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारतीय टैरिफ मौजूदा व्यापार स्थिति में मदद नहीं कर रहे हैं। भारत की



आलोचना करने के अलावा, लेविट ने निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं के लिए ट्रंप की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए कनाडा पर अमेरिका को लूटने का भी आरोप लगाया। राष्ट्रपति दशकों से कनाडा द्वारा अमेरिका और मेहनतकश अमेरिकियों को लूटने के मामले में जवाब दे रहे हैं। अगर आप कनाडा द्वारा अमेरिकी लोगों और हमारे यहां काम करने वाले लोगों पर लगाए जा रहे टैरिफ की दरों को देखें, तो यह बहुत ही गंभीर है। मेरे पास एक आसान चार्ट है जो सिर्फ़ कनाडा ही नहीं बल्कि पूरे देश में टैरिफ़ की दर दिखाता है। अगर आप कनाडा को देखें, तो अमेरिकी पनीर और मक्खन पर करीब 300 प्रतिशत टैरिफ़ है। आप भारत को देखें, तो अमेरिकी शराब पर 150 प्रतिशत टैरिफ़ है। क्या आपको लगता है कि इससे केंटकी बॉर्बन को भारत में निर्यात करने में मदद मिल रही है? प्रेस सचिव ने आगे कहा कि ट्रम्प पारस्परिकता में विश्वास करते हैं, और अब समय आ गया है कि हमारे पास एक ऐसा राष्ट्रपति हो जो वास्तव में अमेरिकी व्यवसायों और श्रमिकों के हितों का ध्यान रखे। कनाडाई इस्पात और एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ की योजना लागू हो गई.

## दूसरे देशों में फंसे 266 भारतीयों को सरकार ने लाया वापस

**नई दिल्ली, 12 मार्च।** भारत सरकार ने दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में फंसे 266 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाया है. सभी नागरिक साइबर अपराध केंद्रों में कैद थे. ये भारतीय नागरिक नौकरी के झांसे में आकर इन देशों में फंसे हुए थे. इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को दी. इस घटना के बाद विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को विदेश में नौकरी लेने से पहले पूरी जांच करने की सलाह दी है.

प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि भारत सरकार ने कल भारतीय वायुसेना के विमान से 266 भारतीयों की सुरक्षित वापसी की व्यवस्था की. जिन्हें दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों से रिहा कराया गया. गौरतलब है कि इससे पहले सोमवार को भी इसी तरह 283 भारतीयों को वापस लाया गया था. विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय दूतावास ने म्यांमार और थाईलैंड सरकारों के साथ मिलकर उनकी रिहाई सुनिश्चित करने और उनके स्वदेश वापसी में सहायता करने के लिए काम किया है. इससे पहले दिसंबर में भी भारतीय दूतावास ने म्यांमार के म्यावाडी में नौकरी घोटाले के परिसर में फंसे छह भारतीय नागरिकों को रिहा करने की घोषणा की थी. इस घटना के बाद विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि कि वे विदेश में स्थित मिशनों के माध्यम से विदेशी नियोक्ताओं की साख की पुष्टि करें और नौकरी की पेशकश स्वीकार करने से पहले भर्ती एजेंटों और कंपनियों के पिछले रिकॉर्ड की जांच करें. बता दें कि थाईलैंड, लाओस और म्यांमार की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से मिलने वाली दक्षिण-पूर्व एशिया का गोल्डन ट्राइंगल क्षेत्र साइबर क्राइम का केंद्र है. यहां से साइबर फ्रॉड के लिए फर्जी कॉल सेंटर संचालित होते हैं. भारत वापस लाए गए पीड़ितों में देश के अलग-अलग राज्यों के लोग शामिल हैं. म्यांमार सरकार ने बंधकों को छुड़ाने और उन्हें थाईलैंड शिफ्ट करने के लिए अपनी सेना को तैनात किया, जहां से उन्हें अब भारत वापस लाया गया.

# सड़कों के निर्माण से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 12 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 2025-26 के बजट में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए एक बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 17 किलोमीटर लंबी 07 नई सड़कों का निर्माण होगा। इन सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए कुल 13 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे ग्रामों को शहर से जोड़ने में मदद मिलेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई दिशा मिलेगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के लगातार जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों द्वारा किए गए मांगों पर बजट में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास किया था। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों के मुद्दों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया, और उनके अनुरोध पर यह प्रावधान बजट में शामिल किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामवासियों की मांग को गंभीरता से लिया और इस विकास कार्य के लिए मुख्यमंत्री से विशेष अनुरोध किया, जिससे बजट में यह राशि स्वीकृत हुई। छत्तीसगढ़ के दूसरे बजट में कवर्धा विधानसभा में 17 किलोमीटर लंबी 07 नई सड़कों के लिए 13 करोड़ 45 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत लालपुर से तारों, लंबाई 2.5 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 5 लाख रूपए, मिनमीनिया से मारयाटोला लंबाई 2 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 60 लाख रूपए, रेंगाखार रोड़ से बोदलपानी लंबाई 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 20 लाख रूपए, महली से भलपहरी लंबाई 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 50 लाख रूपए, अंधरीकछार से खिरसाटोला लंबाई 2 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 50 लाख रूपए, बहनाखोदरा मिडिल स्कूल के पास से सुपापानी बॉडर तक लंबाई 3 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 40 लाख रूपए और राम्हेपुर से बाम्हनटोला लंबाई 1.5 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 20 लाख रूपए की स्वीकृती दी गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने हमारी और ग्रामीणों की मेहनत को सराहा और कवर्धा विधानसभा में 17 किलोमीटर लंबी 07 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति दी। यह सड़कों का निर्माण न केवल हमारे गांवों को शहर से जोड़ेगा, बल्कि यहां के विकास को गति भी देगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इस क्षेत्र में सड़कों के निर्माण से गांवों में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और साथ ही किसानों को अपनी उपज शहर तक पहुंचाने में आसानी होगी। इन सड़कों का निर्माण कृषि, व्यापार, और परिवहन के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। सड़कों के निर्माण से कवर्धा विधानसभा के ग्रामीण इलाकों में एक विकास की नई लहर लाएगी और गांवों को शहर से जोड़कर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### गांवों का विकास होगा, शहर से आवागमन में आसानी होगी

कवर्धा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण से गांवों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। इससे गांवों से शहरों तक का आवागमन आसान हो जाएगा, जिससे न केवल व्यापारिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं की पहुंच भी बेहतर होगी। नई सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे, जिससे पूरे क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास होगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि यह कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक अहम कदम है।उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क निर्माण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## एक नजर

## बचाई गई 41 लड़कियों में 3 दुर्ग जिले की हैं

**भिलाई, 12 मार्च।** भिलाई बिहार में शादी समारोह या अन्य अवसरों पर आयोजित नाच पार्टी व आर्केस्ट्रा में लंबे समय से दुर्ग जिले की लड़कियां काम कर रही हैं। थनौद और रानीतराई के देवार बस्ती में रहने वाले लोगों की माने तो उनकी बस्ती की लड़कियां पिछले 15 साल से भी ज्यादा समय से वहां पर जाकर काम कर रही हैं। पहले यहां की लड़कियां उत्तर प्रदेश में आयोजित मेलों में अपनी प्रस्तुति देने जाती थीं वहीं पर उनकी आर्केस्ट्रा वालों से पहचान हुई इसके बाद से वे लगातार यहां से लड़कियों को बिहार ले जाकर उनसे काम करवा रहे हैं आर्केस्ट्रा की आड़ में वहां पर देह व्यापार कराए जाने का भांडाफोड़ होने के बाद पूरी जानकारी सामने आ रही है।बता दें कि बीते छह मार्च को बिहार के सासाराम रोहतास के बिक्रमगंज के नटवार बाजार में संचालित देह व्यापार के ठिकानों पर पुलिस ने दबिश दी थी। बिहार पुलिस ने मौके से 41 से अधिक लड़कियों को रेस्क्यू किया था, जिसमें से 21 बालिग और बाकि नाबालिग हैं। वे सभी छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों की रहने वाली हैं।इनमें दुर्ग जिले की भी तीन लड़कियां शामिल हैं बिहार पहुंची दुर्ग पुलिस की टीम उन्हें दुर्ग के लिए लेकर रवाना हुई है उनके सुबह तक यहां पहुंचने की उम्मीद है यहां लाए जाने के बाद नाबालिगों को महिला व बाल विकास विभाग की चाइल्ड लाइन के सामने पेश किया जाएगा जहां इनके बयान के बाद आगे की कार्रवाई हो सकेगी दीपावली के बाद लड़कियों को लेने आते हैं आर्केस्ट्रा वाले थनौद और रानीतराई के देवार बस्ती के लोगों का कहना है कि हर साल दीपावली के बाद जब शादियों का सीजन शुरू होने वाला होता है, तब बिहार से आर्केस्ट्रा वाले उनकी बस्ती में आते हैं। यहां पर वे लड़कियों को नाचने के काम के लिए अपने साथ लेकर चले जाते हैं और शादियों का सीजन खत्म होते ही उन्हें वापस छोड़ जाते हैं। गरीबी के चलते उनकी जनजाति की लड़कियां दूसरे राज्य में जाकर काम करने के लिए मजबूर रहती हैं उत्तर प्रदेश में कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से हुई पहचान के बाद से लगातार लड़कियों को ले जा रहे आर्केस्ट्रा वाले।

## शातिर चोर को दिल्ली पुलिस के हवाले किया नगर पुलिस ने

**भिलाई, 12 मार्च।** भिलाई कवर्धा के कैलाश नगर निवासी शातिर चोर लोकेश श्रीवास ने देश की राजधानी दिल्ली को दूसरी बार अपना निशाना बनाया है आरोपित ने चांदनी चौक की दुकानों से 21-22 फरवरी की रात करीब छह लाख रुपये नकद चोरी किए थे आरोपित लोकेश आरोपित को श्रीवास पुलिस खोजते हुए दिल्ली पुलिस भिलाई पहुंची यहां पर वैशाली नगर पुलिस ने आरोपित को पकड़ कर दिल्ली पुलिस के हवाले किया है आरोपित ने फरवरी 2020 में आकाशगंगा सुपेला के पारख ज्वेलर्स से सोने के उस्तरा से दाढ़ी बनाने की रखता है इच्छा आरोपित लोकेश पहले कवर्धा में हेयर कटिंग की दुकान चलाता था वहां उसकी मुलाकात दुर्गेश नाम के चोर से हुई थी वर्ष 2017 में उसने उसके साथ मिलकर कवर्धा में ही पहली बार चोरी की थी इसके बाद उसने दुर्ग जिले में सात चोरियां कीं पारख ज्वेलर्स में चोरी के बाद पकड़े जाने के बाद उसने बताया था कि वह एक आलीशान सेलून खोलना चाहता है वहां पर सोने के उस्तरा से लोगों की दाढ़ी बनाने की इच्छा रखता है करीब ढाई के आभूषण व सितंबर 2023 में दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित उमराव ज्वेलर्स से करीब 30 किलो सोने-हीरे के आभूषण चुरा लिए थे।

## वाहन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**भिलाई, 12 मार्च।** भिलाई मिलन चौक निषाद सेवा समिति कैंप-दो निवासी 50 वर्षीय संजय तागड़े टहलने के लिए निकला था टहलते हुए छावनी चौक नंदिनी रोड स्थित नंदिनी आटो डील के पास पहुंचा था तभी पावर हाउस से एक बोलेरो सीजी-07 सीजी 3575 तेज रफ्तार में जामुल की ओर जा रही थी। छावनी चौक के पहले वाहन 4 अनियंत्रित होकर पलट गया और संजय उसके नीचे दब गया वहां से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह से उसे वाहन के नीचे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया घटना की जानकारी मिलने पर जामुल पुलिस ने आरोपित बोलेरो चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है ।

## छत्तीसगढ़ पीडी पंथी परिवार ने पंथी नृत्य में इजिप्ट, मिश्र देश में रचा इतिहास



**उतई, 12 मार्च।** ग्राम घुघसीडीह की छात्रा ने परचम लहराया। दूर्ग ब्लाक के ग्राम घुघसीडीह (उतई) के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एग्रीकल्चर बी एस सी फाइनल ईयर की छात्रा कु मुस्कान देशलहरे पिता दिलीप देशलहरे ने इजिप्ट मिश्र देश् में जाकर अपनी प्रतिभा से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया था। इनके पिता दिलीप लहरिया एक ऑटो चालक है। इस बड़ी उपलब्धि पर ग्राम घुघसीडीह के ग्रामीणो ने मिलकर 13 मार्च की सन्ध्या 5 बजे कु मुस्कान देसलहरे का मान सम्मान का कार्यक्रम रखा है।जिसमे ग्रामीण जन सामूहिक रूप से कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## महिला दिवस पर किया महिलाओं का सम्मान

**भिलाई, 12 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल्याणी नशा मुक्ति केंद्र भिलाई में नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । जिसमे मुख्य अतिथि पद्मश्री श्रीमती फूलबासन बाई यादव द्वारा दिनांक 8 मार्च शनिवार को गायत्री परिवार की कर्मठ कार्यकर्ता श्रीमती अनीता साहू को नारी जागरण कार्यशाला, यज्ञ व योग को जन जन तक पहुंचाने हेतु आध्यात्मिक क्षेत्र मे विशिष्ट सेवा देने के लिए सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में इसके आलावा अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया । पद्मश्री फुलबासन बाई यादव ने अपनी संघर्ष की कहानी सुनाते हुए सभी को अहंकार का त्याग करते हुए हमेशा दूसरों के लिए जीने की प्रेरणा दी । उन्होंने कहा कि अगर हम निस्वार्थ भाव से कार्य करते है तो मान, सम्मान स्वयं ही मिलने लगता है ।

# बैठक में होली शांति से मनाने चर्चा की गई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 12 मार्च।** थाना उतई परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुआ जिसमें थाना उतई क्षेत्र के आसपास आने वाले गांव के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे इस अवसर पर थाना प्रभारी विपिन रंगदारी ने सभी

बैठक में सर्वप्रथम होली पर्व को लेकर उपस्थित पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपेक्षा की गयी। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने अपना-अपना विचार व्यक्त किया पार्षद राकेश ने कहा कि होली पर्व को लेकर डीजे, बाइकर्स गैंग एवं शराब पीकर हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखने का आह्वान किया.जनप्रतिनिधियों को दिशा निर्देश देते हुए शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील की और बताया कि शासन आदेशानुसार डीजी पूर्व रूप से प्रतिबंधित रहेगा इसके अलावा मुखवटा लगाकर घूमने वाले तथा माहौल खराब करने की कोशिश करने वालो पर तुरन्त पुलिस को सूचना दे पुलिस द्वारा 4 से 5 पेट्रोलिंग गाड़ी लगाए जाने की बात कही जो समय समय पर पेट्रोलिंग करते रहेंगे। सभी जनप्रतिनिधियों को होली की बधाई दिया तथा शान्ति पूर्ण होली मनाने के लिए जनप्रतिनिधियों को सहयोग करने की अपील किया इस अवसर पर तोरण लाल साहू सरपंच गोड़ पेंड्री, राकेश साहू पार्षद नगर पंचायत ,सत्य प्रकाश कौशिक उप सरपंच उपरपोटी, विश्व नारायण देशमुख पार्षद उतई, शिव कुमार ठाकुर पार्षद उतई, द्वारिका प्रसाद साहू पार्षद उतई, यशवंत कुमार ठाकुर सरपंच खुमान निषाद सरपंच कोडिया युगल किशोर चंद्राकर सरपंच कोकड़ी, धर्मेंद्र बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत डुमरडीह नरेंद्र साहू सोनू राजपूत पार्षद उतई शीतल ठाकुर अध्यक्ष भाजपा मंडल उतई उपस्थित रहे।

# होली से पहले किसानों को राहत 2.16 करोड़ रुपए का भुगतान जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 मार्च।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य शासन के सहकारिता विभाग ने कबीरधाम जिले के गन्ना उत्पादक किसानों को होली के पहले बड़ी खुशखबरी एवं राहत दी है। जिले के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, पंडरिया से जुड़े गन्ना विक्रेता किसानों को बड़ी राहत देते हुए 2.16 करोड़ रूपए का भुगतान जारी कर दिया है। यह भुगतान पेराई सत्र 2024-25 के अंतर्गत निर्धारित समर्थन मूल्य 315.10 रूपए प्रति क्विंटल के अनुसार किया गया है।कारखाने के प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक ने जानकारी दी कि गन्ना विक्रेता किसानों को पूर्व में 150.00 रूपए प्रति क्विंटल के मान से राशि का भुगतान किया जा चुका था, जबकि शेष 165.10 रूपए प्रति क्विंटल की राशि अब जारी कर दी गई है। यह भुगतान उन किसानों को मिला है, जिन्होंने 30 नवंबर 2024 से 5 दिसंबर 2024 तक गन्ना आपूर्ति की थी। अब तक कुल 47.31 करोड़ रूपए में से 7.85 करोड़ रूपए की राशि किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। खास बात यह है कि होली त्योहार से पहले यह 2.16 करोड़ रूपए जारी होने से किसानों को न केवल पर्व की तैयारियों में सहूलियत मिलेगी, बल्कि वे अपनी आगामी फसलों की बुवाई व अन्य कृषि कार्यों की योजनाएं भी सुचारू रूप से बना सकेंगे। प्रबंध संचालक कौशिक ने कहा कि किसानों के हित कारखाने की सर्वोच्च प्राथमिकता है और भविष्य में भी समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस राशि से किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा, जिससे उनकी खेती और आजीविका में मजबूती आएगी। किसानों के खाते में यह राशि पहुंचने से उनमें उत्साह देखा जा रहा है, जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# धनोरा में जलेगी नींबू,नारियल की होली



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 12 मार्च।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हर साल की भांति इस साल भी बड़े धुम धाम के साथ होली के दिन शाम 4 बजे बोरसी रोड पर स्थित बघुवा के मुरती का दरबार के सभी भकत गण इकठ्ठा होकर जाकर पुजा पाठ करके बघुवा के मुरती को लाल रंग के चुनरी पान फुल एवं केसर ईया पताका चढ़ाकर सभी भक्तों की सुख समृद्धि के लिए हांथ जोड़ कर प्रार्थना करेंगे फिर वहां से आकर दरबार में पुजा पाठ किया जाएगा उसके बाद दरबार के आगे श्री लक्ष्मण बाबा जी नंद पंडा मनोज पटेल विनोद साहू जी के द्वारा पुजा पाठ करके नंद पंडा द्वारा चकमक पत्थर की आग से होली जलाया जाएगा हर साल होली के दिन बढ़े ही दुर दुर से लोग अपने एवं अपने घर परिवार वाले के पुराने कपड़ा लेकर आते हैं और होली मे डालते हैं जो भी भक्त गण वहां पर मौजूद रहते हैं उसके शरीर से नारियल भेलवा उतार कर होली मे डाले जाते हैं ताकि उसके सारे परेशानी होली मे जलकर स्वाहा हो जाए और आंनद पुरवक अपने परिवार के साथ रहे यह होली का कार्यक्रम देर रात तक चलते रहते हैं इस होली मैं बढ़े दुर दुर से लोग आते हैं और अपने घर परिवार के लिए होलीका दहन के पास हांथ जोड़ कर प्रार्थना करते हैं उनके खुशहाल जीवन केलिए फिर देर रात तक श्री राधा कृष्ण फाग एवं सेवा भजन मंडली के गायक भाई गुलाब साहू के द्वारा फाग गीत गाया जाता है और एक दुसरे को रंग गुलाल लगा कर सब नगाड़े की धुन पर नाचते गाते हैं फिर अपने अपने घर को प्रस्थान करते हैं होलीका दहन के इस आयोजन में मुख्य रूप से राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा भोलू साहू खिलेशवर साहू सुनील कहार सुंदर स्प्रे दिनेश साहू कुंभकरण पटेल वासुदेव स्प्रे मुनना गंधर्व जीवराखन ठेकेदार बाबु लाल साहू लक्ष्मण यादव कुंज लाल पटेल चेतन साहू मारियल साहू दिनेश यादव उमेश साहू ओमकार साहू दीलीप ठेकेदार डॉ धनेशवर साहू जी एम लाल देवांगन योगेश साहू सुख ऊ राम रुपलाल साहू रोमनाथ साहू तोमन गजपाल चंन्द्र कांत देवांगन कल्याण देवांगन हेमंत साहू जी राजू देवांगन लक्की पटेल गुलशन साहू भुपेश साहू आदि भक्त गण यहां पर मौजूद रहेंगे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं श्री कुंज लाल साहू जी ने दी

## नगर पंचायत पाटन का शपथ ग्रहण समारोह 13 मार्च को होगा



**उतई, 12 मार्च।** नगर पंचायत पाटन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगण का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 13 मार्च की सुबह 10 बजे से नया बस स्टैण्ड गौठान के पास में आयोजित् किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन होंगे।अध्यक्षता विजय बघेल सांसद, दुर्ग लोकसभा करेंगे। विशिष्ट अतिथिगण ललित चन्द्राकर उपाध्यक्ष, छ.ग. राज्य ग्रामीण व अ.पि.व. क्षेत्र वि. प्राधि. व विधायक दुर्ग ग्रामीण विधानसभागजेन्द्र यादव विधायक दुर्ग शहर विधानसभा जितेन्द्र वर्मा , भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग. शासन एवं विधायक पाटन विधानसभा सुरेन्द्र कौशिक जिला अध्यक्ष, भाजपा दुर्ग दिलीप साहू जिला उपाध्यक्ष, भाजपा दुर्ग कृष्णा भाले पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन,जितेंद्र वर्मा निवर्तमान जिला अध्यक्ष, भाजपा दुर्ग श्रीमती रानी बन्छोरमण्डल अध्यक्ष, भाजपा पाटन मण्डल पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत पाटन होगे।मीना साहू तहसीलदार पाटन एवं प्रशासक, नगर पंचायत पाटन।विनीत हेमन्त कुमार वर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाटन होगे।

# दो माह में 609 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की



**भिलाई, 12 मार्च।** भिलाई ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने बीते दो महीने से अभियान छेड़ रखा है। दो माह में कुल 12 हजार 609 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे 50 लाख दो हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया पुलिस ने जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें भी सबसे अधिक बिना हेलमेट और नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने वाले शामिल हैं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ट्रैफिक ) ऋचा मिश्रा ने बताया कि यातायात पुलिस ने आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए बीते जनवरी में सड़क सुरक्षा माह चलाया था उस दौरान जागरूकता के 78 कार्यक्रम हुए थे और उनके माध्यम से 54 हजार 776 लोगों तक यातायात जागरूकता का संदेश पहुंचाया गया था उन्होंने बताया कि बीते माह में कुल 12 हजार 609 लोगों पर कार्रवाई की गई। बिना हेलमेट के वाहन चलाते मिले दो हजार 692 वाहन चालक और नो पार्किंग में वाहन खड़ा कर मार्ग बाधित करने वाले एक हजार 981 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है इसके अलावा दो पहिया वाहन में तीन सवारी तेज गति वाहन चालन मोबाइल का उपयोग करते वाहन चलाने वाले, यातायात संकेत का उल्लंघन करने वाले, चार पहिया वाहन काली फिल्म लगाने वाले व शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालों के साथ ही संदिग्ध वाहन और वाहनों में हुटर, नीली बत्ती व सायरन लगाकर घूमने वाले वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई

# सौन्दर्यीकरण के नाम पर लगाए पौधों को नष्ट न करें:आयुक्त



**रिसाली,12 मार्च।** सौन्दर्यीकरण के नाम पर रोपे गए पौध को नष्ट न करे। उक्त निर्देश आयुक्त मोनिका वर्मा ने दिए है। उन्होंने अभियंता से कहा कि पौध या पेड़ को सहजते हुए ऐसे ड्राइंग बनाए जिसमें हरियाली भी दिखे। रिसाली निगम आयुक्त डुण्डेरा में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत चल रहे कार्यो की समीक्षा करने पहुंची थी।

दरअसल डुण्डेरा चैक के निकट नागरिकों द्वारा कचरा फेका जा रहा है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन होने के बाद गंदगी फैलाने पर आयुक्त ने नाराजगी जाहिर करते उस स्थान का सौन्दर्यीकरण करने निर्देश दिए। नागरिकों का कहना था कि कुछ दिन पहले उस स्थान पर पौध रोपा गया है। आयुक्त ने पौध या वृक्ष को बिना नुकसान पहुंचाए सौन्दर्यीकरण करने कहा है। निरीक्षण के दौरान अभियंता, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी, पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, रोहित धनकर आदि उपस्थित थे।

### हाट में गंदगी देख भड़की आयुक्त

निगम आयुक्त निरीक्षण के दौरान डुण्डेरा में लगने वाले साप्ताहिक बाजार स्थल पहुंची। इस स्थान पर पौनी पसारी योजना के तहत चबुतरा बना है। चबुतरे के नीचे चिकन व्यापारी द्वारा गंदगी फैलाए जाने पर नोटिस देने निर्देश देते सुधार नहीं होने पर दुकान हटाने की कार्यवाही करने स्वास्थ्य विभाग प्रभारी को जिम्मेदारी दी।

### मंगल भवन के बगल में बनेगा शेड

निगम ने डुण्डेरा में बने मंगल भवन के संचालन के लिए एजेंसी नियुक्त किया है। भवन के बगल में अस्थाई बांस बल्ली से किचन बनाया गया है। आयुक्त ने स्थिति को देखने के बाद किचन कम स्टोर रूम के लिए शेड तैयार करने प्रस्ताव शासन को भेजने निर्देश दी है।

# आयुष्मान पंजीयन कार्य शीघ्र पूरा करने कर्मचारियों को चेताया



**भिलाई, 12 मार्च।** नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा कार्यालय में मंगलवार दिनांक 11 मार्च 2025 को आयुष्मान पंजीयन कार्य पर बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में निगम कमिश्नर डी एस राजपूत द्वारा कार्य से संलग्न कर्मचारियों से एक एक वार्ड में अब तक किये गये आयुष्मान पंजीयन 70 वर्ष से अधिक के नागरिकों एवं नये राशन कार्ड से बनाये गये की जानकारी प्राप्त की गयी।गौरतलब है कि भिलाई-चरोदा निगम को प्राप्त लक्ष्य 96726 के विरूद्ध 81909 आयुष्मान पंजीयन किया जा चुका है। जबकि वर्तमान में 15600 लोगों का पंजीयन नये सिरे से किया जाना शेष है। बडी हुयी संख्या में नये राशन कार्ड धारक भी शामिल है। इसके अलावा 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ट जनों के भी आयुष्मान पंजीयन का टारगेट 30त्न तक पूरा कर लिया गया है।निगम कमिश्नर डी एस राजपूत चर्चा में कहा कि भारत सरकार की सबसे महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक ये आयुष्मान भारत योजना है। जिसमें पंजीयन करा चुके लोगो को 5 लाख तक का चिकित्सा सुरक्षा चक्र का लाभ प्राप्त हो रहा है। चिकित्सा सुविधा का जो लाभ आयुष्मान भारत योजना में मिलता है, उसके विषय में हम सभी को बडी ही गंभीरता से विचार करने और कार्य करने की जरूरत है। क्योंकि पैसो की कमी के कारण समय पर इलाज नही होने से बीमार व्यक्ति और उनके परिजनों की स्थिति अत्यधिक पीड़ा दायक होती है।इस कारण आयुष्मान पंजीयन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी पात्र लोगों का पंजीयन करे। निगम आयुक्त ने भिलाई- चरौदा निगम क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि हमारी टीम फील्ड में घर घर जाकर आयुष्मान पंजीयन कार्य कर रही है, जिसमें आप लोग से पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।बैठक के दौरान निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चंद्राकर, जनसंपर्क प्रभारी विकास चन्द्र त्रिपाठी, निगम के ऑपरेटर डिकेश कुमार वर्मा, चुम्मन साहू, पुरानिक साहू, दुष्यंत साहू, गौरव वर्मा, कविता यादव, चंचला नायक, ममता बंछोर, अनिता ठाकुर, आनंद पटेल उपस्थित रहें।

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम के अमले ने कसी कमर

**भिलाई, 12 मार्च ।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम 2024 आने वाली है। नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्वयं प्रत्येक दिन निरीक्षण कर रहे हैं। साथ में जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, अभियंतागण, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, वार्ड के सुपरवाईजर आदि सब अपने-अपने कार्यो के प्रति मुस्दैत होकर कार्य कर रहे है। शुरू में आयुक्त स्वयं किसी भी जोन में बताकर जाते थे, अब आकस्मिक निरीक्षण करने किसी भी जोन के किसी भी वार्ड में पहुचं जाते है। वहां पर स्वयं निरीक्षण करते है संबंधित को बुलाकर जवाबदेही तय करते है। किसी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित को नोटिस भी दिया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान प्रमुख रूप से नागरिको का फीड बैक बहुत महत्वपूर्ण है। ऑनलाईन लिंक सिस्टम के माध्यम से करना है। घर-घर कचरा संग्रहण, कबाड़ से जुगाड़, सीएनडी वेस्ट का उपयोग, मार्केट एवं चौंक चौराहो की सफाई, कचरो से पुनः उपयोग, कचरा में कमी लाना, पुराने कचरो को सही ढंग से सेग्रिगेट करना, कचरो से खाद बनाना, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देना, प्रमुख बाजारों में टाइम कचरा लेना, सुलभ शौचालय, उद्यान, तालाब, सड़क आदि की व्यवस्थित साफ-सफाई रखना, यह सब शामिल है। नगर निगम का पुरा प्रयास है कि पुराने रैकिंग में सुधार लाते हुए अच्छा कार्य किया जाये। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिको से अपील की है कि अपने क्षेत्र की स्वच्छता गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए अपना भरपूर सहयोग करें। आज इंदौर शहर स्वच्छता में नम्बर 1 पर है, क्योकिं वहा का प्रत्येक नागरिक सफाई में अपना योगदान देते है। कचरा इधर-उधर नहीं फेकते है, गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग कर देते है। इसी प्रकार हम सब भी भिलाई शहर को नम्बर 1 बनाने के लिए अपना योगदान दें। जिससे शहर को स्वच्छ एवं साथ-सुथरा बना सकें। अपना शहर भी अन्य शहरो की तरह साफ सुन्दर एवं स्वच्छता में अग्रणी रहे। जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक व्ही के सेमुवल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, सागर दुबे एवं जोन स्वच्छता निरीक्षकों को जिम्मेदारी दी गई है कि सभी लोग अपने अपने क्षेत्र में पूर्ण रूप से मुस्तैद रहे निगम के जो भी संसाधन है।



समाचार संक्षेप

## रेत तस्करों से ग्रामीण भयभीत

**डोंगरगढ़ ,12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** डोंगरगढ़ जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पारागांवकला में अवैध रेत उत्खनन का मामला प्रकाश में आया है वहीं इस मामले में ग्रामीणों ने एसडीएम मनोज मरकाम, माईनिंग विभाग, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सहित तहसील को लिखित में शिकायत दी गई है कि पारागांवकला ग्राम नदी से लगा हुवा है व नदी से रेत उत्खनन् में ग्राम पंचायत द्वारा आपत्ति लागाई गई है। जिससे कोई भी व्यक्ति उक्त नदी से रेत निकासी नहीं कर सकता है। किन्तू ग्राम पंचायत पारागांवकला के निवासी भूपेन्द्र मिथलेश दोनो के पिता खिलावन द्वारा जबरदस्ती कर रेत उत्खनन किया जाता है। भूपेन्द्र और मिथलेश दोनो के पिता खिलावन के द्वारा अन्यत्र ग्राम से मजदूर लाकर ट्रेक्टर में रेत भरकर विक्रय किया जाता है जिसे गांव के किसी भी व्यक्ति अथवा ग्राम पंचायत द्वारा मना किये जाने पर मारने-पीटने की धमकी दी जाती है। जिससे समस्त ग्रामवासी भयभीत है। जिस पर मामले को संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर अवैध रूप से रेत उत्खनन् किये जाने पर तत्काल रोक लगाई जायें एवं दोषियों के विरुद्ध आवश्यक दण्डात्मक कार्यावाही किये जाने की अपील की गई है।



## कोने एलिवेटर इंडिया ने रायपुर में नए कार्यालय के साथ छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति मजबूत की

**रायपुर, 12 मार्च।** कोने एलिवेटर इंडिया, जो एलिवेटर, एस्केलेटर और ऑटोमेशन समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी ने रायपुर में नए विस्तारित कार्यालय के साथ छत्तीसगढ़ में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। यह उपलब्धि भारत के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए कोने इंडिया की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है। नई ऑफिस, जो रणनीतिक रूप से वीआईपी स्क्वायर, रायपुर में स्थित है, छत्तीसगढ़ में एलिवेटर और एस्केलेटर समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। यह प्रदर्शनी केंद्र के रूप में भी काम करेगा, जिसमें कोने के उन्नत एलिवेटर डिज़ाइन, अभिनव सुविधाएँ और अत्याधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया जाएगा। यह कार्यालय रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, धमतरी, कांकेर और जगदलपुर सहित प्रमुख शहरों में काम करने वाली बिक्री, स्थापना, सेवा और आधुनिकीकरण टीमों का समर्थन करेगा। कोने एलिवेटर इंडिया को छत्तीसगढ़ में प्रतिष्ठित परियोजनाओं और संस्थानों के साथ साझेदारी करने पर गर्व है, जिसमें अविनाश वन, अविनाश सिग्नेचर होम्स, अविनाश ग्रुप द्वारा मैग्नेटो मॉल, वॉलफोर्ट ग्रुप द्वारा वॉलफोर्ट ओमेगा और वॉलफोर्ट हाइट्स, एम्स हॉस्पिटल रायपुर, संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल, आशीष अग्रवाल द्वारा रोज़बे रिसॉर्ट और मैरा रिसॉर्ट, कन्वेंशन सेंटर, रियल स्पेस ग्रुप द्वारा द अल्टेयर और गोल्ड ब्रिक्स ग्रुप द्वारा कमर्शियल स्काई शामिल हैं। कई मौजूदा और आगामी परियोजनाओं का प्रबंधन नए कार्यालय से किया जाएगा।



## होली त्यौहार और रमजान महीने को आपसी सद्भावना एवं भाईचारे से मनाने की अपील

**राजनांदगांव ,12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में होली त्यौहार एवं रमजान महीने को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव सहित संपूर्ण जिले वासियों से रंगों के पर्व होली त्यौहार और रमजान महीने को आपसी सद्भावना एवं भाईचारे के साथ शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी राजनांदगांव में सभी समाज आपस में एक-दूसरे से मिलजुलकर सभी त्यौहार मनाते हैं, यह बहुत ही अच्छी परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि होली के पर्व को हर्षोल्लास एवं शांति पूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने होलिका दहन को उचित स्थान में करने कहा। जिससे किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। उन्होंने अस्पताल एवं सुरक्षा के सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# श्रीश्री रविशंकर और उनके संस्थान के परोपकार और मानवता के कल्याण के कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**रायपुर, 12 मार्च।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में श्रीश्री रविशंकर के शंखनाद महासत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए । उन्होंने श्रीश्री रविशंकर जी से प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद ग्रहण किया । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीश्री रविशंकर परोपकार और मानवता की सेवा का ऐसा कार्य कर रहे हैं, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री ने श्रीश्री रविशंकर महाराज का प्रदेश की जनता की ओर से छत्तीसगढ़ की धरती पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनका संस्थान योग, ध्यान और मानवता के कल्याण का अच्छा कार्य कर रहा है। सुदर्शन क्रिया के माध्यम से देश दुनिया में करोड़ों निराश लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ध्यान और मेडिटेशन को हम भूलते जा रहे थे। आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से फिर से इसे स्थापित किया जा है। उन्होंने बताया कि आज छत्तीसगढ़ राज्य और आर्ट ऑफ लिविंग के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिसके तहत प्रदेश के गांव-गांव में जल संरक्षण, कृषि संवर्धन, शिक्षा, आजीविका - रोजगार, महिला सशक्तिकरण और नशा मुक्ति के कार्य उनकी संस्था द्वारा किया जाएगा। नया रायपुर में आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र के लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। श्रीश्री रविशंकर और मुख्यमंत्री श्री साय ने आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शिलान्यास किया। यह केंद्र योग, ध्यान, कौशल विकास, आत्म विकास और सामुदायिक



विकास को समर्पित रहेगा। यह महा सत्संग ज्ञान, ध्यान और सनातन संस्कृति का अनूठा संगम रहा है। आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर महाराज ने आर्ट ऑफ लिविंग के सिद्धांतों की सारगर्भित जानकारी अपने संबोधन में दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को ध्यान कराया। ध्यान के दौरान हजारों श्रद्धालुओं द्वारा उच्चारित ? ध्वनि से रायपुर का साइंस कॉलेज मैदान तरंगित हो उठा।

**नक्सलवाद से प्रभावित युवाओं से मुख्यधारा में शामिल होने का आह्वान-** श्रीश्री रविशंकर ने नक्सलवाद से प्रभावित युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि आप विकास की मुख्य धारा में आएं, हम आपके साथ खड़े हैं, हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ को उत्तम और भारत को श्रेष्ठ बनाएंगे। जहां सभी के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो। गरीबों के उत्थान के कार्यों हों। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में शांति और समृद्धि आवश्यक है। जब शांति होगी तो समृद्धि आएगी। आप जब हमारे साथ आएंगे तो आपको भी समता ,समृद्धि और न्याय मिलेगा। बंदूक से कोई काम नहीं बनता। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यहां प्राकृतिक सौंदर्य है। विविध फल फूल और प्राकृतिक संपदा भरपूर है।

# शिक्षा के क्षेत्र में नई सोच व नई पहल

**मोहला,12 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

अम्बागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम गोपलीनचुवा में शिक्षा विभाग द्वारा कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत स्नस्न्ह-ञ्जरूमेला आयोजित किया गया,इस कार्यक्रम का उद्देश्य- ञ्जरूके माध्यम से बच्चों को सरल तरीके से प्रयोग कर सहायक सामग्रियों का निर्माण किया गया जिसका उपयोग कर बच्चे खासकर वह बच्चे जिनको समझने में समय लगता है इन सहायक सामग्रियों के माध्यम से अच्छी तरह से समझे इन बातों को ध्यान में रखते हुए प्रधानपाठक अजय अनूप रामटेके ने दो सौ से भी अधिक सहायक सामग्रियों का निर्माण किया जिसमें तर्कशक्ति, खेल गतिविधि, कबाड़ से जुगाड़ व पुस्तक के पाठों से संबंधित विषयों का उपयोग किया गया जिनका प्रदर्शनी उन्होंने आज के होने वाले कार्यक्रम विकासखंड स्तरीय स्नस्न्ह मेला का आयोजन ग्राम गोपलीनचुवा में रखा।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह,उपाध्यक्ष भोजेश शाह,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सविता सोरी, जनपद सदस्य पवन तुलावी, सरपंच श्रीमती लीना रावटे विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम कुमार धीवर, बीआरसी संतोष पांडे इत्यादि द्वारा सहायक सामग्रियों का बारीकियों से अध्ययन व निरीक्षण किया गया साथ ही शिक्षा के कार्यों की सराहना की



गई द्य स्नस्न्ह मेला में उपस्थित खैरागढ़ डाइड से रमेश जंघेल द्वारा भी स्नस्न्ह के सफल आयोजन पर शिक्षकों के कार्यों पर सराहना व्यक्त किया गया। साथ ही अजय अनुप रामटेके द्वारा बताया गया कि हाई स्कूल की शिक्षिका श्रीमती ज्योति पराशर द्वारा बच्चों की शिक्षा को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया ,ग्रामीणों का भरपूर सहयोग शाला को दिया जाता है, प्राथमिक, मिडिल, व हाई स्कूल के एसएमसी सदस्य योगेंद्र सिंह ,राजू लाल सिंह ,रामकुमार कोठारी द्वारा भी समय-समय पर मार्गदर्शन शाला को दिया जाता है द्य इसी के साथ भूतपूर्व सरपंच सूर्यकांत रावटे द्वारा शाला की गतिविधियों व साल के सभी कार्यों के आयोजन पर विशेष सहयोग प्रदान किया जाता हैद्य राम कुमार कोठारी द्वारा शाला के बच्चों को अपना समय निकालकर शाला में आकर शिक्षा पर विशेष चर्चा करते हैं, व शाला परिवार के रसोईया राजूराम द्वारा बच्चों को शाला पश्चात बच्चों को अपने घर पर अध्ययन कराया जाता है द्य आज के इस कार्यक्रम में स्नस्न्ह की टीम मनोज चंद्रवंशी, कृपाराम साहू द्वारा मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया द्य इस सफल स्नस्न्ह कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रधान पाठक गोपीनचुवा अजय अनुप रामटेके द्वारा समस्त अतिथि गण ,शिक्षक/शिक्षिका व ग्रामवासियों व शाला परिवार के सदस्यों, स्नस्न्ह टीम का आभार व्यक्त करते हैं और आगे भी सहयोग की अपेक्षा करते हुए सभी को धन्यवाद दिया ।

## टाटा हिताची ने लॉन्च किया एनएक्स 50, नेक्स्ट जेन एक्सकेवेटर!

**रायपुर, 12 मार्च।** आज टाटा हिताची ने अपना सबसे नया इनोवेशन - अपना स्वाभिमान एनएक्स 50 एक्सकेवेटर लॉन्च किया। टाटा हिताची परिवार का यह नया प्रोडक्ट अपने अत्याधुनिक फीचर्स और कार्य प्रदर्शन की बेहतर क्षमताओं के साथ कंस्ट्रक्शन उपकरण उद्योग का नया मानक होगा। टाटा हिताची कंस्ट्रक्शन सेक्टर की नई-नई जरूरतों को पूरा करने वाले अत्याधुनिक समाधान देने को प्रतिबद्ध रही है। एनएक्स 50 एक्सकेवेटर इसकी नई मिसाल है। इसमें अत्याधुनिक तकनीक है और यह उपयुक्त कार्य क्षमता देने के लिए बना है। एनएक्स 50 हर एक कार्य क्षेत्र में बेजोड़ कामयाबी और विश्वसनीयता का वादा है। एनएक्स 50 एक्सकेवेटर शहरों के बुनियादी ढांचों का विकास, सड़क निर्माण और खनन सहित बहुत-से काम करने में सक्षम है। यह हर तरह के काम में कामयाब और विश्वसनीय है इसलिए उन कंस्ट्रक्शन कम्पनियों की जरूरत है जो कार्य क्षेत्र में उत्कृष्टता देना और साथ ही लागत भी कम करना चाहती हैं। टाटा हिताची के मार्केटिंग महाप्रबंधक श्री सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने एनएक्स 50 लॉन्च के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा-''नवाचार और उत्कृष्टता के हमारे इस सफर में एनएक्स 50 एक बड़ी उपलब्धि है। हमें विश्वास है कि एनएक्स 50 अपनी बेहतर क्षमताओं और आधुनिक फीचर्स के साथ इस उद्योग का नया मानक होगा। इसके बल पर हमारे ग्राहक अधिक कार्य सक्षम होंगे और उनका मुनाफा भी बढ़ेगा।''

# छूरिया जनपद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने पदभार संभाला

**तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**छुरिया,12 मार्च।** सामुदायिक भवन जनपद पंचायत छुरिया मे आज सम्पन्न हुये नव निर्वाचित सदस्यों का हुआ प्रथम सम्मेलन एवं कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर एवं 23 जनपद सदस्य हुये शामिल । जहां पर उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया एवं प्रथम सम्मेलन में शामिल हुये। आज के इस सम्मेलन एवं कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय राजनांदगांव मर्यादित बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल उपस्थित हुये। इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बीरम मण्डावी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा चंद्रिका ड़डसेना, एमडी ठाकुर, रविन्द्र वैष्णव, घासी साहू, नगर पंचायत छुरिया अध्यक्ष अजय पटेल, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, कान्ता साहू, खिलेश्वर साहू, सलमान खान सहित पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिला सहकारी केन्द्रीय राजनांदगांव मर्यादित बैंक के अध्यक्ष सचिन



बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे सभी नव निर्वाचित सदस्यों को भाजपा पार्टी की ओर से आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने और हल करने के लिये जो मौका 5 साल के लिये मिला है उसे बड़ी शिद्दत के साथ निभाना है और अपने मोबाईल को 24 घंटा चालू रखना है किसी को भी कभी भी समस्या हो सकती है उसका मोबाईल उठाना है और बात करना है और जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रशांत ठाकुर के नेतृत्व में हम सबको मिलकर ऐसा काम करना है जिससे भाजपा पार्टी को आगे बढ़ाने में हमारा सशक्त कदम हो और मैं सबको आशीर्वाद और शुभकामनांये देता हूं कि आप सभी अपना काम पूरे दायित्व के साथ करें।जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने अपने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को आभार प्रदर्शित करते हुये कहा कि छुरिया क्षेत्र के 118 ग्राम पंचायत के विकास के लिये हमको समर्पित होकर गांव विकास के लिये काम करना है और हमारे साथ हमारी बड़ी बहन किरण रविन्द्र वैष्णव हैं जो जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में राजनांदगांव में हमारी सहायता के लिये बैठी हैं हमें उनका सतत् सहयोग मिलता रहेगा ऐसी आशा करते हुये भाजपा के हित में कार्य करने का आश्वासन दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव, ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सब को मिलजुल कर विकास के लिये हर संभव प्रयास करना है और ग्राम विकास के लिये सतत् प्रयासरत रहना है।

## ऑनलाइन सुविधा का बढ़-चढ़ कर लाभ ले रहे है करदाता

**राजनांदगांव 12 मार्च।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में शत प्रतिशत राजस्व वसूली एवं करदाताओं की सुविधा के लिये नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा की पहल पर राजस्व डिमाण्ड दुरूस्तीकरण के साथ साथ राजस्व करों का ऑन लाईन संधारण तथा यू.पी.आई. से करो की वसूली हेतु निगम का क्यू.आर कोड जारी किया गया था, जिसके माध्यम से करदाता अपने राजस्व करो का बढ़-चढ़ कर भुगतान कर रहे है। नगर निगम राजनांदगांव को क्यू.आर. कोड के माध्यम से करदाताओ के द्वारा भुगतान करने पर दिसम्बर 2024 माह से अब तक सवा 3 महीने में 13 लाख 66 हजार रूपये की राजस्व वसूली प्राप्त हुई। नगर निगम द्वारा इस वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के विरूद्ध राजस्व वसूली के लिये वर्ष के प्रारंभ से ही कार्य योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है.

# सरकार की बेरुखी से मनरेगा कर्मी नाराज

**डोंगरगांव ,12 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विधानसभा में वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में मनरेगा कर्मियों की पूरी तरह अनदेखी कर दी गई है। इस बजट में जहां कई योजनाओं के लिए धनराशि आवंटित की गई, वहीं मनरेगा कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा, वेतन भुगतान और नियमितीकरण से जुड़ी मांगों को दरकिनार कर दिया गया। अल्प वेतन में कार्य करने वाले ये कर्मी केवल मनरेगा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं में भी कार्यरत किया जा रहा है। इसके बावजूद पिछले 4 महीनों से वेतन भुगतान नहीं हुआ, जिससे हजारों कर्मी भारी आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि जो कर्मचारी दिन-रात सरकार की योजनाओं को सफल बनाने में जुटे हैं, उन्हें वेतन तक नहीं दिया जा रहा तो सरकार से भरोसा कैसे रखा जाए?

**तकनीकी और गैर-तकनीकी कर्मियों के बीच वेतन भुगतान में भेदभाव-**मनरेगा योजना में तकनीकी कर्मियों (बीएफटी) को नियमित वेतन दिया जा रहा है, जबकि गैर-तकनीकी कर्मियों को पिछले 4 महीने से वेतन नहीं मिला। क्या गैर-तकनीकी कर्मियों का योगदान कम है? यही कर्मी योजना के संचालन की रीढ़ हैं। मनरेगा कार्यों की जमीनी मॉनिटरिंग, रोजगार गारंटी की सुनिश्चितता, प्रधानमंत्री आवास योजना में समन्वय, और यहां तक कि चुनाव ड्यूटी तक इन कर्मचारियों ने संभाली। बजट सत्र के दौरान भी अवकाश के दिनों में लगातार कार्यरत रहने के बावजूद वेतन न मिलना अन्यायपूर्ण है। शासन के लिए मनरेगा तो महत्वपूर्ण है, परंतु उसके कर्मी नहीं? सरकार की यह संवेदनहीनता यह दिखाती है कि योजनाओं को सफल बनाने वाले कर्मियों की कोई कद्र नहीं की जा रही। दूसरे राज्यों में लागू है मानव संसाधन नीति, छत्तीसगढ़ में क्यों नहीं? मनरेगा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय क्षत्रि ने बताया कि मध्यप्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे राज्यों में मनरेगा कर्मियों की सेवा और सामाजिक सुरक्षा के लिए मानव संसाधन नीति लागू की गई है। वहां की राज्य सरकारें केंद्र से राशि न मिलने पर भी पूल फंड के माध्यम से वेतन भुगतान करती हैं, फिर केंद्र से राशि प्राप्त होने के बाद समायोजन कर लेती हैं। लेकिन छत्तीसगढ़ में ÷डबल इंजन सरकार÷ के बावजूद ऐसा कोई कदम नहीं उठाया गया। इसका सीधा अर्थ यह है कि राज्य सरकार मनरेगा कर्मियों को लेकर गंभीर नहीं है। क्या छत्तीसगढ़ सरकार को दूसरे राज्यों से सीखने की जरूरत नहीं? समिति बनी, लेकिन समाधान नहीं - आखिर कब तक ? छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अध्यक्षता में 8 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था, जिसे 15 दिनों में रिपोर्ट सौंपनी थी। इस रिपोर्ट में मनरेगा कर्मियों की सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा और वेतन भुगतान से जुड़े मुद्दों को शामिल किया जाना था। सितंबर 2024 से आज तक रिपोर्ट अधर में लटकी हुई है। कांग्रेस सरकार में 5 साल तक केवल कमेटी-कमेटी खेला गया। अब भाजपा सरकार भी इसी रास्ते पर चलती दिख रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पंचायत मंत्री विजय शर्मा ने मनरेगा कर्मियों से जो वादे किए थे, वे भी अब अधूरे लग रहे हैं।

## मोदी सरकार की दुर्भावनाप्रेरित ईडी की कार्रवाई से जनता में पनप रहा गुस्सा:महेंद्र यादव

**राजनांदगांव,12 मार्च।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के महामंत्री व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई 3 स्थित घर सहित कुछ और ठिकानों में ईडी का छापा पड़ने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा भूपेश बघेल के लिए तभी से पीछे पड़ी हुई थी जब वह मुख्यमंत्री थे केंद्र की भाजपा नीत सरकार श्री बघेल को शराब घोटाले में फसाकर बदनाम करने की लगातार कोशिश की गई है। अभी भी किसी ना किसी साजिश की तहत परेशान कर रही है कल भी ईडी को भेजा गया था उनके श्री भूपेश बघेल एवं उनके पुत्र चैतन्य बघेल से पूछताछ की गई पर हासिल कुछ नहीं हुआ।

# छूरिया नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजयी रहा

- कामयाब रही रणनीति, कांग्रेस उपाध्यक्ष चुनाव हारी, भूषण नेताम बने उपाध्यक्ष
- ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं विधायक भोलाराम साहू का नहीं चला जादू

**तरूण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**छुरिया,12 मार्च।** नगर पंचायत छुरिया मे मंगलवार को सम्पन्न हुये नगर उपाध्यक्ष के चुनाव मे नतीजा बड़ा आलीशान रहा सबके होश उड़ गये कोई कुछ कहने के लायक दिखाई नहीं दे रहा है। वैसे भी चुनाव में किसी एक को ही जीत का ताज मिलता है और वही सिकन्दर होता है। भाजपा ने बहुत ही गुप्त तरीके से रणनीति बनाई और अमल में लाई ऐैस नहीं है कि नगर उपाध्यक्ष चुनाव के लिये कोई रणनीति न बनाई हो कांग्रेस ने भी अपनी रणनीति बनाई थी लेकिन कुछ काम नहीं आया और कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। भाजपा के पार्षद भूषण नेताम को 11 वोट मिले गौस मोहम्मद को मिले 3 वोट निर्दलीय पार्षद ने वोट नहीं ड़ाल 1 वोट रिजेक्ट हुआ। इस तरह से कुल 15 वोट ड़ाले गये। कांग्रेस से 4 वोट क्रास हो गये और भाजपा के पाले में आ गये। अब



विधायक भोलाराम साहू एवं ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष को सोचना पड़ेगा कि आखिर ऐैसा क्या हुआ जिससे 4 वोट क्रासिंग होकर भाजपा को मिल गये आखिर कांग्रेस से निष्कासित किये गये पार्षद ने वोट क्यों नहीं दिया और बाकी 4 कांग्रेसी पार्षदों ने कांग्रेस की फजीहत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। विधायक भोलाराम साहू द्वारा किये गये कांग्रेस पार्टी के पक्ष में किये गये निर्णय कोई काम नहीं आये। ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष भी कुछ कह नहीं पा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी द्वारा निष्कासित किये गये एक निर्दलीय पार्षद को कल विधायक भोलाराम साहू द्वारा कांग्रेस पार्टी साथ देने के लिये प्रयास भी किया गया था अपनी पूरी टीम के साथ विधायक भोलाराम साहू निर्दलीय पार्षद के पास गये थे और पूरी रणनीति बनाकर कांग्रेस पार्टी से ही नगर उपाध्यक्ष बनाने की गुरूमंत्र देकर आये थे लेकिन चुनाव परिणाम तो सबके सामने है। ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं विधायक भोलाराम साहू के ऊपर तो मानों कोई महादशा चल रही है किसी भी चुनाव में कांग्रेस की नैया पार नहीं हो पा रही है बल्कि हर चुनाव में कांग्रेस पार्टी की हालत बद से बदतर ही होती जा रही है, पूरी कांग्रेस पार्टी सकते में है।

### चुनाव प्रभारी वीरेन्द्र बोरकर नहीं दिखा पाये अपना जलवा

वीरेन्द्र बोरकर चुनाव प्रभारी बन कर आये हैं तब से कांग्रेस पार्टी के हित में अच्छा काम नहीं कर पाये हैं हर चुनाव में हार का सामना करना पड़ रहा है। ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं विधायक भोलाराम साहू तो नगर अध्यक्ष के चुनाव में अपने अध्यक्ष प्रत्याशी रीतेश जैन को सिर्फ 1 ही वार्ड में जीत दिला पाये हैं बाकी में तो हार का सामना करना पड़ा है। वीरेन्द्र बोरकर को अपनी चुनावी रणनीति में सुधार करना होगा जिससे आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को कुछ राजनीतिक लाभ मिल सके।

### कांग्रेस के पार्षदों ने ही कांग्रेस पार्टी को निपटा दिया

कांग्रेस के चारो पार्षदों ने अपनी ही पार्टी को इतनी बुरी तरह से निपटाया है जिसकी कल्पना कांग्रेस के आला नेताओं को भी नहीं थी। आखिर कांग्रेस पार्टी से जीत के बाद ऐैसी कौन सी परिस्थिति आ गयी जिससे कांग्रेस के पार्षदों को अपने ही पार्टी के खिलाफ जाने का रास्ता अख्तियार करना पड़ा, कांग्रेस पार्टी की मान मर्यादा का जरा भी ख्याल उनके मन में नहीं आया और भाजपा को 4 वोट क्रास वोटिंग से दे दिया। कांग्रेस पार्टी इन 4 पार्षदों पर क्या कार्यवाही कर पायेगी क्योंकि विगत दिनों कांग्रेस पार्टी के 8 प्राथमिक सदस्यों को कांग्रेस पार्टी से 6 वर्षों के लिये निष्कासित किया गया था उसी प्रकार से इन क्रास वोटिंग करने वाले 4 कांग्रेसी पार्षदों पर भी कार्यवाही होगी जिसका सबको इंतजार है।

# भूपेश के घर छापे के विरोध में कांग्रेस ने ईडी का फूंका पुतला

**राजनांदगांव ,12 मार्च ■ तरुण छत्तीसगढ़**

लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को कुचलने और धमकाने वाली राजनीति अब एक पैटर्न बन गई है। केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से विपक्ष के कांग्रेस नेताओं पर ईडी के माध्यम से दबाव बना रही है। छग विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान प्रश्न उठाने पर पूर्व मुख्यमंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव भूपेश बघेल के निवास पर ईडी भेजकर जबरदस्ती कार्यवाही कर उनका मोबाइल जब्त कर नजरबंद कर एक अपराधी की तरह व्यवहार किया जा रहा था। जिसको लेकर शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा 11 मार्च को जयस्तंभ चौक पर भाजपा व ईडी का पुतला दहन किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि ईडी भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री लोकप्रिय नेता व एआईसीसी महासचिव भूपेश बघेल




पर कार्यवाही करते हुए उनके मोबाइल जब्त कर नजरबंद कर एक अपराधी की तरह दुर्व्यवहार किया गया जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में मंगलवार 11 मार्च को जयस्तंभ चौक पर भाजपा व ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने बताया कि राजनीति प्रतिशोध के चलते भाजपा सरकार द्वारा किसान पुत्र पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी द्वारा जबदस्ती छापेमार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। कांग्रेस इससे डरने वाले नहीं है और न्याय की लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार करती है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने जो पांच साल काम किए है उनसे भाजपा भयभीत है। जिसके कारण भाजपा बघेल जी को दबाने में लगी है। वरिष्ठ पार्षद हफीज खान ने भाजपा सरकार पर निशान साधते हुए कहा कि लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तानाशाही अपनाते हुए कार्यवाही की जा रही है जो पूर्णतः गलत हैं मैं भाजपा नेताओं से पूछना चाहता हूं कि आबकारी घोटाला 44 करोड़ नान घोटाला 36 हजार करोड़ व चिटफंड घोटाला सहित कई घोटाले है उसकी जांच ईडी से क्यों नहीं कराती। जानबूझकर कांग्रेस नेताओं पर दबाव बनाने उन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसका हम कांग्रेसजन कड़ा विरोध करते है। इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, पदम कोठारी, कमलजीत सिंह पिन्टू, पंकज बांधव, मेहुल मारू, झम्मन देवांगन, दिनेश शर्मा, हफीज खान, अभिमन्यु मिश्रा, रौशनी सिन्हा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, रतन यादव, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, मामराज अग्रवाल, रज्जू जान, प्रतिमा बंजारे, सुरेन्द्र देवांगन, महेश साहू, युवराज भारती, विक्की पटेल, पिंकू खान, दुर्गेश द्विवेदी, तुलदास साहू, संदीप जायसवाल, खिलेश बंजारे, सागर ताम्रकर, सीताराम श्रीवास, शैलेष रामटेके, इब्राहिम, शौर्य वैष्णव, सुरेन्द्र गजभिए, निलेश ठावरे, तौसिफ गोरी, संदीप सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## संपादकीय

# चीन को डर है वह अकेला न हो जाए

विश्व राजनीति में कोई भी देश किसी के साथ हमेशा नहीं रहता है। विश्व के बड़े देशों के राजनीतिक,आर्थिक समीकरण बदलते रहते हैं। इसका कोई तय समय तो नहीं रहता है लेकिन दुनियां के सबसे बड़े देशों में जब राजनीतिक नेतृत्व बदलता है और वह साहसी नेता होता है,परंपरागत राजनीति के नुकसान को देख पाता है तो उस देश की राजनीति तो बदलती ही है, विश्व के देशों के बीच बना राजनीतिक समीकरण भी बदलता है। विश्व की महाशक्तियों को इस बात की चिंता होने लगती है कि कहीं वह विश्व राजनीति में अकेला तो नहीं हो जाएगा। इसलिए वह बड़े देशों में से कुछ देशों को अपने साथ जोड़ना चाहता है। चीन भी विश्व की पांच महाशक्तियों में एक है वह भी सभी महाशक्तियों की तरह चिंतित है और विश्व की बदलती राजनीति के बीच वह अपने लिए नए दोस्त तलाश रहा है।यही वजह है कि उसकी भारत के लिए बोली जाने वाली भाषा बदल गई है।ट्रंप के पहले तक विश्व राजनीति में अमरीका सहित नाटो देश एक तरफ थे। चीन,रूस एक तरफ थे। विश्व के देश और महाशक्तियां दो हिस्सों में बंटी हुई थी। एक तरफ अमरीका, फ्रांस, ब्रिटेन थे और दूसरी तरफ रूस और चीन थे इससे दोनों के बीच शक्ति संतुलन था।कोई भी किसी पर हमला नहीं करता था। इससे विश्व में बड़े देशों के बीच शांति बनी रहती थी। वे आपस में नहीं लड़ते थे। दोनों समूहों के अलावा जो देश होते हैं, वहां युध्द होते रहते हैं और इसके पीछे भी अक्सर अमरीका होता है। इसके लिए अमरीका ने यूएसएआईडी की स्थापना 1961 में थी,इसका मकसद अमरीकी सहायता को हथियार की तरह इस्तेमाल करते हुए विश्व में कम्यूनिष्टों को रोकना था। यानी विश्व में लोकतंत्र का मजबूत करना था और वामपंथ को कमजोर बनाए रखना था। इसके लिए अमरीका दूसरे देशों में दखल देने का अपना अधिकार समझता था।बताया जाता है आज तक अमरीका ने 29 देशों में दखल दिया है,धावा बोला है, बमबारी की है।9-11 के बाद तो अमरीका ने आंतकवाद के खिलाफ वैश्विक युध्द शुरू कर दिया था।माना जाता है कि इसमे अब तक 45 लाख से अधिक लोग मारे गए हैं। बाइडेन तक अमरीका की राजनीति हो या विश्व की राजनीति हो, वह परंपरागत रूप से चली आ रही थी यानी राष्ट्रपति कोई भी बने अमरीका राजनीति व विश्व नीति बदलती नहीं थी। ट्रंप ने अपने दूसरे दौर में अमरीका की परंपरागत राजनीति को बदल दिया है। जो अब तक नहीं हुआ था वह ट्रंप ने किया है। उसने अमरीका को विश्व के शांति रक्षक रूप को बदलने की कोशिश की है और पूरा ध्यान इस बात पर लगा दिया है कि अमरीका को जो पैसा अमरीका से बाहर कई देशों में खर्च हो रहा है, उस पर रोक लगा दी जाए और व्यापार में अमरीका पलड़ा हर हालत भारी रखने की कोशिश की है।दूसरे विश्व युध्द के बाद अमरीका देश के बाहर बहुत सा पैसा इसलिए खर्च करना पड़ता था ताकि रूस के हमले से दूसरे देशों को बचाया जा सके। इसके लिए अमरीका ने कई देशों सैन्य अड्डे बनाए।अपनी सेना वहां रखी। यानी विश्व शांति व दूसरे देशों की सुरक्षा के लिए अमरीका बहुत पैसा खर्च कर रहा था। सोवियत संघ के टूट जाने के बाद रूस पहले जैसा शक्तिशाली नहीं रहा लेकिन वह माना जाता रहा। वाइडेन तक रूस को शक्तिशाली माना जाता रहा। वाइडेन के समय रूस को कमजोर करने के लिए उसे यूक्रेन के साथ युध्द में उलझा दिया गया। तीन साल के युध्द के बाद भी रूस यूक्रेन को हरा नहीं सका तो पहली बार माना गया कि रूस अब पहले वाला रूस नहीं रह गया है। वाइडेन को बहुत पैसा खर्च करके रूस को आर्थिक रूप से कमजोर नहीं कर सके तो इसकी वजह यह रही की भारत व चीन ने रूस से तेल गैस आदि खरीदकर उनको आर्थिक रूप से मजबूत बनाए रखा। ट्रंप ने इस बात को महसूस किया कि रूस अब पहले वाला रूस नहीं है तो रूस के कारण यूरोपियन यूनियन के देशों की रक्षा के लिए जो पैसा अमराकी खर्च करता रहा है, उसे अब करने की जरूरत नहीं है।अब तो वक्त है कि अमरीका खुद को आर्थिक रूप से इतना मजबूत करे कि कोई उसकी नंबर वन की पोजीशन के लिए खतरा न बन सके। वर्तमान में रूस तो नंबर तीन की अर्थव्यवस्था है,इसलिए ट्रंप रूस को तो अमरीका के लिए खतरा नहीं मानते हैं। दूसरे नंबर की अर्थव्यवस्था चीन है, इसलिए आर्थिक रूप से अमरीका चीन को अपने लिए खतरा मानता है। चीन व रूस के बीच बढ़ रही नजदीकी उसके लिए ठीक नहीं थी, इसलिए ट्रंप ने अमरीका व रूस के बीच की दूरी को कम करने के लिए यूक्रेन युध्द रुकवाने की पहल कर रहे हैं। रुस तो राजी हो गया है कि यूक्रेन युध्द वह रोक सकता है यदि उसकी शर्त मानी जाए। यूक्रेन न जरूर अमरीका आकर तेवर दिखाए लेकिन कुछ दिन बाद ही उसने अमरीका का सामने सरेंडर कर दिया है,यूरीपीय यूनियन के देशों ने भी कुछ दिन अमरीकी विरोध के तेवर दिखाए और वह भी समझ गए कि अमरीका को नाराज करने से उनका ही नुकसान होगा। वर्तमान में यूरोपियन यूनियन के देश अमरीका पर जितना भरोसा करते थे, वह भरोसा कमजोर हो रहा है,इसी तरह चीन रूस पर जितना भरोसा कर रहा था, अमरीका से रूस की नजदीकी बढ़ने से अब रूस भी चीन के लिए पहले की तरह भरोसे का मित्र नहीं रहा।इसलिए चीन अब चाहता है कि भारत व चीन के संबंध मजबूत रहने चाहिए, वह कह रहा है कि भारत व चीन के संबंध मजबूत रहेंगे तो विश्व में शक्ति संतुलन जो बिगड़ गया है वह बना रहेगा।चीन के विदेश मंत्री यांग यी ने हाल ही में एक बयान जारी कर कहा है कि ड्रेगन व हाथी के बीच बेहतर तालमेल ही भारत व चीन के लिए बेहतर विकल्प है। दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंध हैं,वर्तमान में भारत व चीन को एक दूसरे के हितों की रक्षा के लिए एक होना पड़ेगा,विश्व में लोकतंत्र की रक्षा के लिए यह बेहद जरूरी है।भारत ने इसका कोई जवाब नहीं दिया है। भारत का तो हमेशा से ही मानना है कि जब तक चीन के साथ सीमा विवाद हल नहीं होते,आपसी संबंध सामान्य नहीं होंगे। चीन के विदेश मंत्री के बयान के बाद भी भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अमरीका से व्यापारिक समझौतो से दोनों देशों के संबंध मजबूत होंगे। यानी भारत ट्रंप के कड़े रूख के बाद भी अमरीका से संबंध बनाए रखना चाहता है तो इसमें भारत का हित है। क्योंकि विश्व राजनीति में अपना महत्व बनाए रखने के लिए पीएम मोदी की विदेश नीति सभी देशों से समान दूरी की जगह समान नजदीकी ज्यादा व्यावहारिक व ज्यादा जरूरी है।

गंभीर समस्या

# हिन्दू लड़कियों के साथ दुराचार, ब्लैकमेलिंग, धर्मांतरण का कुचक्र

**मनोज कुमार अग्रवाल**



नाबालिग हिन्दू छात्राओं को टार्गेट कर ब्लैकमेलिंग दुष्कर्म और धर्मांतरण के मामलों की झड़ी लग गई है पिछले एक पखवाड़े में राजस्थान में ही ऐसे तीन मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं ने जहां प्रदेश ही नहीं देश भर में आक्रोश पैदा कर दिया। अब ऐसा ही चौंकाने वाला मामला भीलवाड़ा जिले से सामने आया है। अति संवेदनशील शहर भीलवाड़ा के कोतवाली थाना क्षेत्र में गैंगरेप और ब्लेकमेल मामला सामने आया शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक और गैंगरेप और ब्लैकमेल का संगीन मामला सामने आया है। प्रतापनगर थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।

आपको बता दें कि ब्यावर जिले के बिजयनगर और भीलवाड़ा शहर के कोतवाली इलाकों में हिंदू बेटियों के साथ गैंगरेप और देह शोषण की दो घटनाओं की जांच चल रही है। इसी बीच भीलवाड़ा शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में गैंगरेप की घटना सामने आई है, जिसमें समुदाय विशेष की एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सहयोग से नाबालिग के साथ रेप कर फोटो वीडियो बना लिए। वहीं दो अन्य युवकों ने भी नाबालिग के साथ गैगरेप किया। पीड़िता की शिकायत पर प्रताप नगर थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।थाना क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज हुई हमने इस मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लिया है। इनसे पूछताछ कर रही है इस दौरान परिवादी ने रिपोर्ट में अपनी नाबालिग बेटी को धर्म पर परिवर्तन के लिए भी दबाव बनाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है। इन सभी घटनाओं के विरोध में सर्व हिंदू समाज की और से दस मार्च को भीलवाड़ा बंद का आवाहन भी किया गया है आपको याद दिला दें कि राजस्थान में हाल ही के दिनों में हिन्दू लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म और ब्लेकमेल करने का यह तीसरा घटनाक्रम है तीनों मामलों में मुस्लिम युवकों के चंगुल में फंसी हिंदु लड़कियों से जुड़े ब्लैकमेल-यौन दुराचार का खुलासा हुआ है। तीन दिन पहले 6 मार्च को भीलवाड़ा में ऐसा ही एक और सनसनीखेज मामला सामने आया था । यहां एक युवती के साथ कैफे में गैंगरेप की दर्दनाक घटना का खुलासा हुआ । आरोप है पीड़ित लड़की एक साल पहले मार्च 2024 में अपनी सहेली के साथ कैफे गई थी, जहां उसे नशीला पदार्थ पिलाकर रेप किया गया। आरोपियों ने अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल किया। इसके बाद अन्य साथियों ने भी युवती का शोषण किया। पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक युवती फरार है। सांसद ने इसे 'लव जिहाद' का मामला बताया है। युवती अपनी दोस्त के साथ एक कैफे गई थी। वहां दोस्त के भाई और एक कैफे कर्मचारी ने उसे नशीला पेय पिला दिया। इसके बाद युवती बेहोश हो गई और दोनों ने उसके साथ बलात्कार किया। इस घटना का वीडियो बनाकर आरोपी युवती को ब्लैकमेल करने लगे। ब्लैकमेलिंग के डर से युवती चुप रही और आरोपियों की बात मानती रही। यह सिलसिला तब तक चलता रहा, जब तक युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई।पीड़िता ने आगे बताया कि आरोपियों ने उसके फोटो और वीडियो अपने दोस्तों के साथ शेयर किए। इसके बाद उनके अन्य दोस्तों ने भी उसके साथ रेप किया। जब दो आरोपी कैफे के प्राइवेट रूम में युवती के साथ रेप कर रहे थे, तब उनके साथी बाहर निगरानी कर रहे थे। इससे उनके अन्य साथियों की भी हिम्मत बढ़ी और वे भी वीडियो दिखाकर युवती के साथ छेड़छाड़ करने लगे।

घटना की शिकायत मिलने पर अब पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में अशरफ अली (20), सनवीर मोहम्म्द (23), शाहरुख खान उर्फ बबलू (30), सोयबनूर मोहम्मद (22), फैजान गौरी (24), सोहेब शेख (24), खालिद उर्फ दूल्हा (25) और आमिर खान (31) शामिल हैं। इनमें से शाहरुख खान एक हत्या के मामले में भी आरोपी रहा है। मुख्य आरोपी अशरफ और सनवीर सट्टे का काम करते हैं, जबकि शाहरुख कैफे में काम करता है। बाकी आरोपी मिस्त्री, मजदूर और पेंटर हैं।

1 मार्च को भी इन्हीं के एक साथी ने मुझे एक पार्क में बुलाया और मेरी दूसरी फ्रेंड्स से दोस्ती करने और उनकी सोशल मीडिया की आईडी के लिए मेरे ऊपर दबाव बनाया। मेरे साथ मारपीट भी की। इस दौरान कुछ राहगीर वहां आ गए और उन्होंने इस युवक को वहां से भगाया। मैं जैसे-तैसे उससे बच के अपने घर पहुंची।'भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने इस मामले को 'लव जिहाद' का मामला बताया है। उन्होंने एसपी धर्मेंद्र सिंह से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियां चलाने वाले कैफे और रेस्टोरेंट जैसे स्थानों पर नकेल कसी जाएगी। भोली-भाली लड़कियों को फंसाने की साजिश रची गई है। उन्होंने आरोपियों की फंडिंग की भी जाँच करने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने सीपीओ टीम (कम्युनिटी पुलिस ऑफिसर) बनाने की भी मांग की है, जो पुलिस अधीक्षक के अधीन व्हाट्सएप ग्रुप पर तुरंत सूचना दे सके। यह मामला एक बार फिर से युवतियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है। साथ ही, 'लव जिहाद' जैसे मुद्दों पर भी बहस छेड़ देता है। इस खुलासे के बाद अब भीलवाड़ा में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म और ब्लेक मेल करने की वारदातों को लेकर दहशत और आक्रोश व्याप्त है। राजस्थान के ब्यावर जिले के विजयनगर में नाबालिग लड़कियों को फंसाकर ब्लैकमेल, यौन शोषण और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मामले ने प्रदेशभर में सनसनी फैला दी है। पूरा मामला प्रकाश में तब आया जब एक पीडिता परिजनों के साथ रिपोर्ट दर्ज करवाने पुलिस थाने पहुंची, जिसके बाद पुलिस ने इस केस में आधा दर्जन लोगों की गिरफ्तारी की। इस मामले की तुलना 1992 के अजमेर सैक्स कांड से की गई है। राजस्थान के ब्यावर जिले के विजयनगर में धर्म परिवर्तन का मामला लगातार हैरान करने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस मामले में 12-15 युवकों के एक गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिन्होंने स्कूल की नाबालिग लड़कियों के साथ ब्लैकमेल, यौन शोषण और जबरन धर्म परिवर्तन कराने की साजिश रची। मामला तब खुला जब पीड़ित परिवारों ने इस संबंध में शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने पास्को एक्ट सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि इस पूरे मामले की 1992 के अजमेर ब्लैकमेल कांड से तुलना की जा रही है, जिसमे भी स्कूली नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाया बनाया गया था।मामले का खुलासा तब हुआ , जब एक पीड़िता परिवार के साथ एक नाबालिग युवती पुलिस थाने रिपोर्ट दर्ज करवाने पहुंची। युवती ने बताया कि उसके संपर्क में आया युवक सोहेल मंसूरी उसे मोबाइल फोन जैसे लुभावने तोहफे देकर फुसला रहा था। युवती ने बताया कि युवक एक दिन उसे एक कैफे में लेकर गया। पीड़िता का कहना है कि 'यहां पर मेरे साथ गलत हुआ। वहां पर सोहेल मंसूरी के दोस्त भी थे। उसने वहां पर मेरी फोटो निकाल ली और इसके बाद वह मुझे टॉर्चर करने की लगा कि मेरी अपनी फ्रेंड से बात करवा।

आरोप है कि युवक लड़की पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा था। साथ ही युवती की फोटो डिलीट करने की एवज में उसकी स्कूल की दूसरी लड़कियों से अपने दोस्तों को संपर्क में लाने का दबाब बना रहा था।छात्रा ने कहा, 'उन लोगों ने एक बार बोला था कि ब्राह्मण की छोरी को बेचेंगे तो 20 लाख रुपये मिलेंगे और तुझे (दलित) बेचेंगे तो 10 लाख रुपये मिलेंगे।' मीडिया रिपोर्टस के अनुसार गिरोह के सदस्य लड़कियों पर अपना धर्म अपनाने का दबाव भी बनाते थे। इन मुस्लिम युवकों की ओर से उन्हें धमकियां दी जाती थी, कलमा पढ़ें और रोजा रखें। अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर उन्हें वायरल करने की धमकी भी दी जाती थी। युवती के खुलासे के बाद पुलिस पूरे मामले में लगातार तफ्तीश कर रही है। पुलिस ने इस मामले में एक पूर्व सभासद समेत आधा दर्जन गिरफ्तारियां की हैं। हिन्दू लड़कियों के साथ ब्लेकमेल करने सामूहिक दुष्कर्म करने लगातार यौन शोषण करने और ब्लेक मेल करने की इन वारदातों के सामने आने से लड़कियों के अभिभावकों खासकर राजस्थान के अभिभावकों में अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर गहरा आक्रोश फैला है वहीं इन वारदातों से पता चलता है कि कितना व्यापक स्तर पर एक खास समुदाय के लोगों द्वारा हिन्दू बच्चियों के साथ बाकायदा सोची समझी साजिश के तहत दुराचार ब्लेक मेलिंग और धर्मपरिवर्तन की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। यह स्थिति बेहद चिंता जनक है और कभी भी किसी बड़े दंगा या सामाजिक अशांति को जन्म दे सकती है सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए और इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़ी व्यवस्था करनी चाहिएं।

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस के कामों को प्राथमिकता दें और इधर-उधर के कामों में ना लगे। आपका कोई मित्र आपका शत्रु बन सकता है। आपके परिवार में लोग आपके कामों में पूरा साथ देंगे। घूमने-फिरने जाने की आप योजना बना सकते हैं। संतान को नौकरी के लिए कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। जो लोग राजनीति में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें थोड़ा सावधान रहना होगा।

वृषभ- आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपकी आय बेहतर रहेगी। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा, जिसमें आप गले शिकवे न उखाड़े। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आप अपने खान-पान पर पूरा ध्यान देंगे। वरिष्ठ सदस्यों से आप काम को लेकर कोई सलाह ले सकते हैं। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। आपका मन इधर-उधर के कामों में लगेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको कोई सरकारी काम मिलने से खुशी होगी। ऑनलाइन व्यवसाय कर रहे लोगों को थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको अपने पिताजी से कोई बात सोच समझकर कहनी होगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। आपको अपने पारिवारिक मामलों को घर में रहकर निपटाना बेहतर रहेगा। आपका कोई काम समय से पूरा न होने से आपको निराशा होगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई बात बहुत ही सोच समझकर बोले। आपने यदि पहले कोई निवेश किया था, तो उससे आपको अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। आपका जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा। आपको अकस्मात कोई खर्च आने से किसी से धन उधार लेना पड़ सकता है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप मेल-मिलाप करने जा सकते है। आप किसी को कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें।

सिंह- आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आप दूसरों के मामले में बेवजह ना बोले। आपके बॉस को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है। आपका अटका हुआ धन आपको मिल सकता है, लेकिन बिजनेस में आपको किसी डील को फाइनल करने के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरे की आवश्यकता होगी और परिवार के सदस्यों का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में यदि कामों में नवीनता ला सके, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपको राजनीति में कोई बड़ा पद मिलने से खुशी होगी, लेकिन आपके कुछ गुप्त शत्रु भी उत्पन्न हो सकते हैं। आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो वह आपको मिल सकती है। आप छोटे बच्चों के लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को मदद की आवश्यकता होगी, तो आप उसके लिए भी आगे आएंगे।

तुला- आज का दिन आपके लिए तनाव से राहत दिलाने वाला रहेगा, क्योंकि आपको नौकरी में मन मुताबिक काम मिल सकता है। आपका किसी नये घर की खरीदारी का सपना भी पूरा होगा। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपके कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी। आप किसी की यात्रा पर जाने की तैयारी भी कर सकते हैं।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में कोई बदलाव सोच समझकर करें। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे नजर आएंगे। जो लोग बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत है, उन्हें कोई अच्छी सफलता मिलेगी। आप अपनी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में लाभ उठाएंगे। आपको किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको अपने किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

धनु- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचें। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लगा सकता है। यदि ऐसा हो, तो आप उसमें अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें। आपने यदि किसी से कुछ कर्जा लिया था, तो वह भी आपसे वापस मांग सकते हैं। आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देंगी। शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट करना भी आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी संतान को कोई पुरस्कार मिल सकता है।

मकर- आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। कारोबार में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। बड़े ऑर्डर मिलेंगे और आप अपने व्यवसाय की योजनाओं को लेकर कोई पार्टनरशिप भी कर सकते हैं। आपकी आय के सोर्स बढ़ेंगे। आर्थिक स्थिति बेहतर होने से आप मनचाहे खर्च भी कर सकेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके वैवाहिक जीवन में भी खुशियां भरपूर रहेंगी। आपके घर किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए किसी नए पद की प्राप्ति के लिए रहेगा। आपको कोई नया पद मिलने से खुशी होगी। आपकी दी गई सलाह परिवार के सदस्यों के खूब काम आएगी। आप अपने घर व बाहर के कामों में तालमेल बनाकर चलेंगे, जिससे आपको मन में भी खुशियां रहेंगी। आपको वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करना होगा। यदि आपका कोई काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है।

मीन- आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहेगा, उनको कुछ नए संपर्कों से लाभ मिलेगा। आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा। आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है। आपकी कोई महत्वपूर्ण इच्छा पूरी होगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई आज खास जानकारी मिल सकती है। आपको बिजनेस में चल रही समस्याओं से भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। आपने यदि किसी से धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं।

व्यंग्य

# सरकारी फाइलें और सूखी दाल

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**



ऑफिस के गलियारे में जो चाय वाले की टपरी है, वहाँ एक कुर्सी पर बैठकर फाइलें भी सुस्ता रही थीं। बाबूजी का काम बहुत भारी होता है, इसलिए उनका आराम करना जरूरी था। किसी ने पूछा, बाबूजी, ये फाइल कब निपटेगी?बाबूजी ने तोंद पर हाथ फेरते हुए कहा, देखो भाई, फाइल और चावल दोनों को पकने में समय लगता है। फाइल बिना घूस के और चावल बिना प्रेशर कुकर के नहीं पकते अफसर साहब अपनी कुर्सी पर विराजमान थे, मगर उनकी नजरें अपनी ही जेब में रखे सरकारी बजट की फाइल पर टिकी थीं। अचानक चपरासी दौड़ता हुआ आया, साहब, दाल की कीमत फिर बढ़ गई !अफसर साहब ने माथे पर शिकन डाली, ये देश सच में संकट में है ! दाल अब सिर्फ सरकारी बैठकों में डिस्कस होने के लिए बची है, खाने के लिए नहीं !तभी एक ठेकेदार आकर बोला, साहब, सड़क का बिल पास करवा दीजिए, थोड़ा खर्चा-पानी अलग से रख देंगे !साहब बोले, देखो भाई, देश में सड़कें और ईमानदारी दोनों गड्ढे में हैं। लेकिन बिल पास करवाने के लिए सड़क बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है चाय-पानी का इंतजाम! दफ्तर में फाइलों की उम्र इंसान की उम्र से ज्यादा होती है। एक फाइल 2003 से पड़ी धूल फांक रही थी। अचानक उसे खांसते हुए बाबूजी के सामने रख दिया गया। बाबूजी बोले, अरे! ये फाइल अभी तक जिंदा है? इसका तो मृत्यु प्रमाण पत्र भी बन चुका होगा !बाबूजी ने फाइल खोली, अंदर से एक मरी हुई छिपकली निकली। देखो भाई, ये फाइल इतनी पुरानी हो गई कि खुद इसमें रहने वाले भी स्वर्ग सिधार गए!साहब ने फाइल देखी और बोले, इस पर फैसला लेने के लिए एक कमेटी बना देते हैं !बाबूजी ने धीरे से कहा, साहब, पिछली बार जब कमेटी बनी थी, तब देश में प्याज 10 रुपये किलो था! इधर सरकारी अनाज गोदाम में गेहूं और चावल स्टॉक में सड़ रहे थे और उधर सरकारी राशन की दुकान पर गरीब भूखा खड़ा था। दूकानदार बोला, भाई, सरकारी दाल लेना है तो फॉर्म भरना पड़ेगा, फॉर्म पास करवाने के लिए बाबू को देखना पड़ेगा, फिर बाबू का बाबू साहब से मिलना पड़ेगा, और तब तक शायद तुम्हारी भूख खुद ही मर जाएगी !गरीब ने आकाश की ओर देखा और बोला, हे भगवान! एक बार सरकारी गोदाम में चूहा बना दे, ताकि भूख से पहले मरने की नौबत न आए! किसान क्रेडिट कार्ड के लिए बैंक की कतार में खड़ा था। उसने कहा, साहब, फसल खराब हो गई, कुछ मदद मिल सकती है?बैंक मैनेजर ने ठंडी सांस भरी, भाई, किसानों के लिए लोन की सुविधा तो है, लेकिन रिकवरी एजेंट उससे भी तेज हैं !किसान बोला, तो साहब, लोन मिलेगा या नहीं?मैनेजर हंसा, अरे भाई, लोन लेने के लिए जमीन गिरवी रखनी पड़ती है, और चुकाने के लिए आत्मा! इधर नेता जी मंच से भाषण दे रहे थे, हम किसानों की हर संभव मदद करेंगे, हर गरीब के घर में दाल-रोटी होगी !मंच के पीछे किसी ने धीरे से कहा, साहब, अगले महीने चुनाव हैं !नेता जी मुस्कुराए, तो फिर वादा कुछ और बड़ा कर देते हैं–हर गरीब के घर में चार पहिया गाड़ी होगी !भीड़ ने तालियां बजा दीं। भीड़ में एक बूढ़ा किसान खड़ा था, बोला, साहब, हमें चार पहिए नहीं चाहिए, बस इतनी दाल चाहिए कि हमारे घर में हांडी में कुछ पके ! सरकारी योजनाओं की हालत ऐसी थी कि वे सिर्फ विज्ञापनों में चलती थीं। टीवी पर विज्ञापन आया–हर गरीब को एक घर मिलेगा !बगल में बैठे बुजुर्ग ने टीवी देखकर कहा, हां, मिलेगा जरूर! जैसे हर बेरोजगार को नौकरी, हर किसान को मुआवजा, और हर सरकारी अस्पताल में डॉक्टर मिल जाता है ! शहर के सबसे बड़े सरकारी दफ्तर में एक दीवार पर टंगे घड़ी की सुइयां रुकी हुई थीं। किसी ने पूछा, ये घड़ी बंद क्यों है?चपरासी ने जवाब दिया, सरकारी घड़ी है, जब अफसरों का समय रुका है तो घड़ी क्यों चले?तभी एक और व्यक्ति आया, सरकारी अनाज कब मिलेगा?अफसर ने कागज पलटा, भाई, अनाज वितरण पर अभी बैठक होनी है, फिर कमेटी बनेगी, फिर रिपोर्ट आएगी !गरीब ने सवाल किया, तो हमें अनाज कब मिलेगा?अफसर मुस्कुराए, तब मिलेगा, जब सरकार खुद किसी और सरकार से अनाज उधार लेगी !

विश्लेषण

# महाकुंभ में सपना बनी 'हवाई चप्पल' वालों ने की हवाई यात्रा ?

**निर्मल रानी**



रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) ह्यउड़ानह्ण का शुभारंभ करते हुये आठ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि ' हम मानते थे कि हवाई सेवा केवल राजा और महाराजाओं के लिये है। यह सोच बदलनी चाहिए। मैं हवाई चप्पल पहनने वाले लोगों को भी हवाई जहाज में देखना चाहता हूं।' इस योजना के अंतर्गत न केवल बंद या बेकार पड़े देश के 45 हवाई अड्डों को पुनः संचालित करने बल्कि कई नये हवाई अड्डे बनाने का भी प्रस्ताव था। इन आठ वर्षों के दौरान निश्चित रूप से अनेक नये हवाई अड्डों का निर्माण भी हुआ है। परन्तु सवाल यह है कि यह नये हवाई अड्डे और इनसे संचालित हवाई यात्रा क्या 'हवाई चप्पल' पहनने वाले लोगों को भी कुछ फायदा पहुंचा रही है ? इस योजना के तहत औसतन 2500 / रुपये प्रति घंटे की उड़ान उपलब्ध कराने की घोषणा करने वाले प्रधानमंत्री का वह दावा आज आठ वर्ष बीतने के बाद भी आखिर कितना सही साबित हो रहा है ? उस समय तो प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब जनता की भावनाओं को स्पर्श करते हुये यह भी कहा था कि -'मैने गरीबी देखी है। गरीबी में जिया हूं, गरीबी देखने के लिए कोई यात्रा नहीं करनी पड़ती है। मुझे याद है आज तक मेरी मां के खाना बनाते हुए आंसू निकल जाते थे। इसी तरह हर मां के चूल्हा जलाते हुए आंसू निकलते हैं। इसलिए गरीब परिवारों को मुफ़्त गैस चूल्हा देने की योजना शुरू की है।' जबकि सच्चाई यह है कि इस योजना के बाद गैस की क ीमत इतनी बढ़ गयी कि लाखों गृहणियां दुबारा गैस रिफिल तक नहीं करा सकीं। बहरहाल सवाल यह है कि 8 वर्ष पूर्व किये गये इस लोकलुभावन दावे के बाद हवाई यात्रा को लेकर आज की स्थिति क्या है ? क्या हवाई चप्पल पहनने वाले यानी देश के गरीब लोग हवाई यात्रा कर पा रहे हैं ? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि जिस देश में सरकार स्वयं यह दावा करती हो कि हम देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन उपलब्ध करा रहे हैं उस देश के मुफ़्त राशन लेने वाले गरीब लोगों को हवाई यात्रा करने के लिये प्रोत्साहित करना कितना कारगर साबित हो सकता है ? यदि नहीं तो क्या 'हवाई चप्पल में हवाई यात्रा' जैसा शब्दों की 'तुकबंदी ' भरा दावा भी महज एक लोकलुभावन जुमला मात्र ही था ? कम से कम पिछले दिनों प्रयागराज में हुये महाकुंभ के दौरान तो यही देखने को मिला। यहाँ भी यही दावा किया जा रहा है कि 65 करोड़ लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया। इसमें भी अधिकांश लोग वही 'राशन के लाभार्थी ' थे जो हवाई चप्पलों में या फिर नंगे पैर महाकुंभ में तीर्थ करने की गरज से आये और गये। कुंभ मेले के दौरान कई बार मची भगदड़ में भी मरने वाले बेचारे वही 'हवाई चप्पलों' वाले लोग ही थे। रहा सवाल कुंभ मेले में 'हवाई चप्पल वालों का हवाई जहाज' के द्वारा संगम तट पर स्नान करने हेतु प्रयागराज पहुँचने का, तो उस दौरान गरीबों के लिये तो हवाई यात्रा एक दुःस्वप्न बनकर रह गयी जबकि विमानन कंपनियों ने जमकर चांदी जरूर कूटी। भारतीय इतिहास में विमान किरायों में इतनी अनियंत्रित वृद्धि कभी नहीं हुई जितनी कुंभ के दौरान हुई। जरा सोचिये कि दिल्ली इलाहबाद का हवाई किराया जो सामान्य दिनों में 4 से 5 हजार रुपए के बीच हुआ करता था उसी विमान में कुंभ के दौरान 13 हजार से लेकर 80 हजार रुपए प्रति यात्री तक वसूला गया। यानी दिल्ली से लंदन का किराया उस दौरान औसतन इलाहबाद के किराये से 30 प्रतिशत सस्ता रहा। यही हाल उस दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों से इलाहाबाद आने वाले विमानों के किराए का रहा। कभी दस गुना तो कभी बीस गुना तक ज्यादा किराया वसूला गया। इतना ही नहीं बल्कि धनाढ्य लोगो के लिये एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर के जरिये संगम स्नान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गयी। इसका किराया 35 हजार रुपये प्रति व्यक्ति रखा गया। इससे यात्री हवाई अड्डे से सीधे संगम तक पहुंच सके। यह सुविधा इसलिए उपलब्ध कराई गयी थी ताकि इसका लाभ उठाकर श्रद्धालु बिना पैदल चले और बिना जाम में फंसे पवित्र संगम में स्नान कर सकें। फलाई ओला नाम की कम्पनी द्वारा इस सुविधाजनक उड़ान की व्यवस्था की गयी। निःसंदेह महाकुंभ का अवसर विमानन कंपनियों के लिये एक बड़ा व्यवसायिक आयोजन साबित हुआ जबकि हवाई चप्पलों वाले हवाई सैर को तरसते ही रह गये ? कुंभ मेले के बाद इस बात पर भी चर्चा हुई कि प्रयागराज में उमड़े इस अभूतपूर्व जन सैलाब ने देश की जी डी पी को प्रभावित किया। उत्तर प्रदेश ने भी भारी राजस्व जुटाया। छोटे मोटे दुकानदारों व्यापारियों से लेकर, नाव,रिक्शा,टेक्सी गोया प्रत्येक व्यवसायिक क्षेत्र के लोगों ने




अपनी सामर्थ्य से बढ़कर पैसे कमाये। परन्तु इस आयोजन को हाई टेक बनाने में कुछ बड़ी कंपनियों ने होटल के क्षेत्र में जो निवेश किया वह भी आश्चर्यचकित करने वाला था। धनाढ्य श्रद्धालुओं से 60 हजार से लेकर एक लाख रुपए प्रति रात्रि का किराया वसूला गया। डोम सिटी बनाये गये। इन विशेष स्थानों की पहुँच के अलग व सुरक्षित रास्ते निर्धारित किये गए। जब तक भगदड़ नहीं मची उस समय तक वी आई पी को विशेष सुविधाएँ,मार्ग,स्नान घाट व सुरक्षा आदि सब कुछ उपलब्ध कराये गये। बस यदि खुले आसमान के नीचे सर्द रातें बिताते लाखों लोग नजर आये या भगदड़ में मरते या लापता होते दिखाई दिये तो वह वही 'लाभार्थी ' परिवार था जो मुफ़्त का राशन लेकर इन्हीं राजनेताओं से रेवड़ी लेने व 'भिखारी होने का प्रमाणपत्र' भी लेता है। और हवाई चप्पल में हवाई यात्रा करने की उम्मीद भी पाले रहता है। जबकि हक ीकत यही है कि महाकुंभ जैसे ऐतिहासिक आयोजन में भी 'हवाई चप्पल' वालों की हवाई यात्रा करने की तमन्ना मात्र सपना बन कर रह गयी।

## एक नजर



### सिविक एक्शन,बच्चों को खेल सामान और पुस्तक-कापी बांटी

**बचेली, 12 मार्च।** दंतेवाड़ा कुदेली मार्ग देवगुड़ी मंदिर जामपारा में तैनात सीआरपीएफ कैम्प 230 बटालियन ने 10 मार्च को सिविक ऐक्शन कार्यक्रम आयोजित किया सीआरपीएफ बटालियन ने ग्रामीणों ,महिलाओं,स्कूली छात्रों का सम्मान किया वहीं ग्रामीणों ने भी गांव की समस्या सीआरपीएफ अधिकारियों के सामने रखी. अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को पुरस्कृत किया गया बच्चों को भी खेलकूद के सामान के साथ साथ पुस्तक कॉपी बांटी गई है स्कूली बच्चों को साइकिल भी दी गई है.श्री अनिल कुमार प्रसाद (कमाडेंट) श्री अनिल शेखावत (द्वितीय कमान अधिकारी) श्री निक्कू सहगल (सहा. कमाडेंट) डॉक्टर मोहम्मद इब्राहिम ने कहा आने वाले समय में अंदरूनी क्षेत्र के गांव की तस्वीर कुछ और होगी।

### सिविल अस्पताल कुरुद में कर रहे शासन के नियमों की अनदेखी



**कुरूद, 12 मार्च।** सिविल कुरूद में अंतः रोगी भर्ती मरीजों को भोजन दिये जाने के संबंध में टेण्डर प्रकाशित किया गया है । प्रतिवर्ष यह टेण्डर आमंत्रित किया जाता है लेकिन ये बात समझ से परे है कि टेण्डर में स्थानीय को प्राथमिकता शब्द का प्रयोग क्यों किया जाता है । जबकि छत्तीसग? शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग मंत्रालय द्वारा जारी छत्तीसग? शासन भण्डार क्रय नियम द्वारा जारी अधिसूचना में इस शब्द का उल्लेख नहीं होता । अस्पताल प्रशासन राजनीतिक दबाव के चलते इस शब्द का प्रयोग करता है ऐसा प्रतित होता है । इससे पूर्व भी इस शब्द का प्रयोग किया जाता है । खुली टेण्डर एक ऐसी प्रक्रिया जिसमे कही से भी प्रतिभागी अपने कार्य अनुसार टेण्डर प्रक्रिया में भाग ले सकता है । अगर स्थानीय को हि प्राथमिकता देनी है तो प्रदेश स्तरीय समाचार पत्र में टेण्डर प्रकाशित करवाकर शासन को क्युं आर्थिक नुकसान पहुँचाया जा रहा है । सिविल अस्पताल कुरूद में भर्ती मरीजों को दिया जाने वाला भोजन पर प्रतिवर्ष 15 से 20 लाख रूपया व्यय होती है । इतनी बडी राशि के लिये टेण्डर के लिये बीएमओ सिविल अस्पताल कुरूद द्वारा बनाये जाने वाले नियम शर्त दो दर्जन से अधिक रहता है लेकिन कुछ हि का पालन होता है ।

प्रतिवर्ष इस अस्पताल द्वारा जीवन दीप समिति के माध्यम से भोजन को मरीजों के बिस्तर तक ले जाने हेतु स्टील की ट्रॉली देने एवं जिस समूह को कार्य मिलेगा वे आंतरिक भर्ती मरीजों को पॉच खंड वाली थाली में मरीजों के बिस्तर में जाकर खाना परोसेगाए भोजन कि गुणवत्ता प्रभावित न हो इसके लिये शासन द्वारा निर्धारित राशि के विरूद्ध 95 प्रतिशत से कम दर वाले समूहों एवं फर्मो को टेण्डर में सम्मिलित नहीं किया जावेगा जैसे कई नियम शर्त रखते है । स्थानीय नेताओं के परिचितों को टेण्डर मिलने पर ये सब नियम बीएमओं कागजों पर हि रहे जाता है नियमों का पालन अस्पताल प्रशासन नहीं करवा पाता । सिविल अस्पताल कुरूद में लंबे समय से जमे चिकित्सक वर्तमान बीएमओ दोनों दलो के नेताओं से संरक्षण प्राप्त होने के कारण टेण्डर के नाम पर खानापूर्ति कर स्थानीय नेताओं के नजर में अच्छा बने रहने के चक्कर में उनके पसंदीदाओं को काम देने के उद्देश्य से टेण्डर के नियम शर्तो में बदलाव कर मरीजो के भोजन के साथ खिलवाड कर रहा है ।'डॉ उमाशंकर नवरत्न बीएमओ . टेंडर के संबंध में बीएमओ का कहना है टेंडर में कही के भी समूह भाग ले सकते है पर स्थानीय को प्राथमिकता दिया जायेगा। विनोद सचदेव जिला अध्यक्ष आम आदमी पार्टी धमतरी ने मरीज और उनके परिजनों के पक्ष रखते हुये बताया कि सिविल अस्पताल कुरुद में भर्ती मरीजों को जेल के कैदियों की तरह लाइन लगाकर भोजन परोसा जाता जो कि अस्पताल प्रशासन और स्थानीय नेताओं के लिये शर्म का विषय है ।

### राष्टीय आविष्कार अभियान में शिक्षको को दिया गया प्रशिक्षण



**कुरूद, 12 मार्च।** नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियो में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उददेश्य सेआईआईटी भिलाई में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के तत्वाधान में राष्टीय आविष्कार अभियान के तहत राज्य के 33 जिलो से चयनित 50 शिक्षको ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें धमतरी जिले के शास. माध्य. शाला गुदगुदा से जतीश सिन्हा सहित 03 शिक्षको ने भी प्रशिक्षण में अपनी सहभागिता प्रदान कर धमतरी जिले का प्रतिनिधित्व किया।इस दौरान आईआईटी के विषय विशेषज्ञों ने गणित, विज्ञान, जीवविज्ञान का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हुए विद्यार्थियों में किस प्रकार वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विषय में रोचकता, भौतिकी और रसायन की मूल अवधारणाओं प्रकिया और व्यावहारिक ज्ञान किस प्रकार विकसित किया जाए इस पर भी गहन प्रशिक्षण दिया। इस दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के आधुनिक लैब और नवीन उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशाला में भ्रमण कराते हुए विज्ञान की अवधारणाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया तथा तकनीकी संस्थान में अध्ययनरत और रिसर्च कर रहे विद्यार्थियों से रूबरू होकर सीखने सीखाने में नई तकनीक का उपयोग कर विद्यार्थियों को रोचक जानकारी के माध्यम से नयी से न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारकर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा ।

# नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने दंतेश्वरी मन्दिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की

■ जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग व उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम बघेल को भाजपा जिलाध्यक्ष ने मिठाई खिलाकर बधाई दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 12 मार्च।** जगदलपुर जनपद पंचायत चुनाव में निर्विरोध जनपद अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद पदलाम नाग ने भारतीय जनता पार्टी संगठन व अपने समर्थकों और सभी जनपद सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

सभी का दिल से आभार व्यक्त करते हुए पदलाम नाग ने कहा कि, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, छ.ग. शासन में मंत्री केदार कश्यप, बस्तर लोकसभा के सांसद महेश कश्यप व अन्य जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ सदस्यों के दिशा-निर्देश पर जगदलपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों का तेजी से विकास करेंगे। व क्षेत्र के विकास हेतु सदैव प्रतिबद्धता के साथ जनसामान्य की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।इसके साथ ही जनपद उपाध्यक्ष निर्वाचित हुये पुरुषोत्तम कश्यप ने भारतीय जनता पार्टी संगठन व भाजपा समर्थित सभी जनपद सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। और कहा कि, आप सभी के आशीर्वाद व समर्थन से आज जगदलपुर जनपद का उपाध्यक्ष निर्वाचित हुआ। पिछले कई वर्षों से लगातार बजरंग दल एवं भाजपा की विचारधारा से जुड़कर पार्टी में मैंने अपनी सेवाएं दीं। एवं पिछले लोकसभा चुनाव में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए भाजपा प्रत्याशी श्री महेश कश्यप जी के लिए चुनाव प्रचार किया। व निर्वाचन क्षेत्र से उन्हें लीड भी दिलाई। इसके पूर्व भी मैंने उपसरपंच पद पर रहते हुए भाजपा की विचारधारा के अनुसार जनमानस की सेवा की। इस बार छत्तीसगढ़ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में जनपद सदस्य हेतु भाजपा के समर्थन से चुनाव लड़ा एवं क्षेत्र की जनता व भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्थन से जनपद सदस्य के रुप में भारी मतों से विजय हासिल की।और यह जीत न केवल उनकी है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों की जीत है। इस जीत के साथ अपने इस कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास जैसे शिक्षा,सड़क,बिजली,पानी जैसे मूलभूत सुविधा और लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा।एक बार पुनः मैं भाजपा संगठन, सभी जनपद सदस्य, भाजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूँ कि, आप सभी ने मुझे भरोसे के साथ जनपद उपाध्यक्ष चुना। अब मेरा भी कर्तव्य है कि मैं उस भरोसे को कायम रखूं। और भाजपा के संकल्प व सबका साथ क्षेत्र के विकास को सभी के साथ मिलकर नई ऊंचाइयों तक ले जाऊं।निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात नव-निर्वाचित जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष समेत सभी जनपद सदस्यों ने सिरहासार चौक स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर पहुँचकर दंतेश्वरी माई के दर्शन किये। व क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि की सभी ने कामना की। इसके बाद सभी सदस्य जिला भाजपा कार्यालय पहुँचे, जहां भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय से सभी ने मुलाकात की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने सभी को जीत की बधाई दी और उन्हें मिठाई खिलाई।



### कांग्रेस ने ईडी व भाजपा सरकार का पुतला जलाया

**जगदलपुर।** आज संभाग मुख्यालय जगदलपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव श्री भूपेश बघेल जी के भिलाई स्थित निवास स्थान सहित विभिन्न स्थानों पर की गई छापेमारी की कार्यवाही के विरोध में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) व केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार का पुतला दहन किया गया।

### बस्तर पण्डुम के लिए दिए दिशा-निर्देश

**बीजापुर , 12 मार्च।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में बस्तर पंडुम 2025 के गरिमामय एवं सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश देते हुए अधिक से अधिक गांवों के प्रतिभागियों को पंडुम में शामिल करने को कहा।कलेक्टर ने जिले में संचालित समस्त विकास कार्यों में गति लाने एवं गुणवत्तापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। जिसमें एल डब्ल्यू ई सर्वे नियद नेल्लानार अन्तर्गत परिवार सर्वे, आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित नियद नेल्लानार क्षेत्रों में स्कूल, आंगनबाड़ी, राशन दुकानों के निर्माण, पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र प्रदान करने आवश्यक मार्गदर्शन दिए। जिला अस्पताल एवं ब्लड बैंक में पर्याप्त मात्रा में ब्लड उपलब्ध हो इसलिए स्वैच्छिक रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन करने के लिए कार्य योजना बनाने को कहा।

# नगर की बुनियादी सुविधाओं के लिए एकजुट होकर काम करें:केदार कश्यप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 12 मार्च ।** सुकमा नगर पालिका परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन बस स्टैंड परिसर सुकमा में किया गया, जहां सुकमा नगर पालिका परिषद् के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हुंगाराम मरकाम और नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने पद की शपथ ली। एसडीएम सुकमा सुश्री मधु तेता ने अध्यक्ष एवं पार्षदों को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव, जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शुभकामनाएँ देते हुए नगर के विकास और कल्याण के लिए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की।इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। समारोह का समापन नगर के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ, जिससे सुकमा नगर पालिका परिषद् के भविष्य की नई आशाएं और संभावनाएं जुड़ी हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हुंगाराम मरकाम ने नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष पद की शपथ ली। इसके पश्चात एक -एक करके पार्षदों ने बारी- बारी से शपथ लिया। कार्यक्रम के दौरान, मुख्य अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन एवं प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप और विधायक जगदलपुर श्री किरण सिंह देव ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि वे नगर के विकास हेतु केंद्र सरकार से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे, ताकि नगर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि नगर की बुनियादी सुविधाओं में एक जुट हो कर बेहतर काम करें। वहीं विधायक श्री किरण देव राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नगर के विकास में शामिल करने का संकल्प लिया और नगर की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का



वादा किया। दोनों अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों से आग्रह किया कि वे नगर की समस्याओं को समझते हुए पारदर्शी और जनकल्याणकारी नीतियों को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नगर का विकास सभी वर्गों के समन्वय से ही संभव है, और सभी निर्वाचित सदस्यों को एकजुट होकर नगर के हित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अतिथियों के विचारों का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री अरुण सिंह भदौरिया, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेद्र सिंह ठाकुर, सीएमओ श्री कोर्राम एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।

### 21वीं पशु संगणना, जिले में 946 ग्राम व वार्डों में सर्वेक्षण पूर्ण

**महासमुंद।** पशुपालन विभाग द्वारा 21वीं पशु संगणना 2024 का कार्य पूरे छत्तीसगढ़ में 25 अक्टूबर 2024 से शुरू किया गया था, जो 31 मार्च 2025 तक पूरा किया जाएगा। महासमुंद जिले में भी यह कार्य तेजी से प्रगति पर है। जिले के कुल 1141 ग्रामों और 105 शहरी वार्डों में पशुओं की गणना की जा रही है, जिसमें से अब तक 946 ग्राम व वार्ड में सर्वेक्षण ऑनलाइन सेंसस एप के माध्यम से पूरा किया जा चुका है। शेष ग्रामों/वार्डों की ऑनलाइन एंट्री प्रक्रिया जारी है इस संगणना कार्य के लिए 110 प्रगणक (सर्वेक्षक) गांव-गांव, घर-घर जाकर पशुपालकों से जानकारी एकत्र कर रहे हैं और उसे ऑनलाइन दर्ज कर सुपरवाइजर को भेजा जा रहा है। सुपरवाइजर द्वारा सत्यापन के बाद यह डेटा जिला नोडल अधिकारी के माध्यम से राज्य नोडल अधिकारी को भेजा जाता है।

# सभी विभाग समन्वय से कार्य कर जिले को प्रगति की ओर अग्रसर करें:महेश कश्यप

**दंतेवाड़ा, 12 मार्च ।** बस्तर सांसद लोकसभा श्री महेश कश्यप की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के डंकिनी सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विकास कार्यों की अत्यावश्यक व प्राथमिकता के कार्यों की स्वीकृति पर चर्चा की गई। सांसद श्री कश्यप ने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधिगण एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के पहल से जिले में बेहतर कार्य हुए हैं। अतः सभी विभाग परस्पर समन्वय के साथ कार्य कर जिले को प्रगति की ओर अग्रसर करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दन्तेवाड़ा जिला हर दृष्टि से संपन्न क्षेत्र है परन्तु पूर्व में दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों के कारण जिले के कई क्षेत्र पिछड़ गए है। अतः ऐसे लक्षित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा में लाना हम सब का कर्तव्य है। इसके अलावा जो लोग वापस मुख्यधारा से जुड़ रहे है उनके सामाजिक एवं आर्थिक पुनर्वास की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। और उन्हें खुशी है कि प्रशासन द्वारा ऐसा पहल किया जा रहा है। इसके



साथ ही उन्होंने धरती आबा जनजाति ग्राम आदर्श, उत्कर्ष अभियान योजना का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र शासन द्वारा जनजाति ग्रामों के सार्वभौमिक उत्थान के लिए इस योजना को प्रारंभ करने के साथ-साथ बजट भी निर्धारित किया गया है। जिसमें 18 विभागों की विशेष योजनाएं संचालित होगीं। इस योजना के दायरे में बस्तर संसदीय क्षेत्र के 14 सौ ग्राम आएगें। अतः संबंधित विभागों का दायित्व होगा कि वे अपनी योजनाओं को धरातलीय क्रियान्वयन कर योजना को लक्ष्य प्राप्ति तक पहुचाएं। इसके साथ ही बैठक में एजेंडा अनुसार चालू वर्ष में मनरेगा के स्वीकृत कार्यों के भौतिक वित्तीय प्रगति, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कार्यरत बीसी सखी, की अद्यतन स्थिति, बैंक लिंकेज की प्रगति, लखपति दीदी योजना अन्तर्गत लक्ष्य एवं प्राप्ति, जिला स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत लक्ष्य की प्राप्ति, जिले में छ.ग स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड अन्तर्गत नये ट्रांसफार्मर की स्थापना, मोबाइल टावरों का ऊर्जीकरण के.व्ही. सबस्टेशन निर्माण, नियद नेल्लानार योजना विद्युतीकरण, आदिवासी विकास विभाग अन्तर्गत छात्रावास, आश्रम सुविधा,भोजन सहाय योजना, छात्रगृह योजना, विशेष शिक्षण केन्द्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, रबी क्षेत्राच्छादन अन्तर्गत बीज उपलब्धता, भण्डारण, वितरण,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रगतिरत सड़के, के अलावा महिला बाल विकास, उद्यानिकी शिक्षा, स्वास्थ्य विभागों से संबंधित योजनाओं का भी गहन समीक्षा की गई। बैठक के अंत में सांसद श्री कश्यप ने कहा कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की आगामी बैठक में लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने के लिए विभाग अभी से रणनीति बनाए। साथ ही कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि बैठक में दिए गए निर्देशानुसार सभी विभाग कार्य करेंगे जिसकी समय सीमा की बैठक में नियमित रूप से समीक्षा की जावेगी। बैठक के अंत में सड़क सुरक्षा समिति के एजेंडे के तहत यातायात व सड़क सुरक्षा के मुद्दों पर भी समीक्षा की गई। इसके अन्तर्गत सड़क दुर्घटनाओं, दुर्घटना संभावित स्थलों को चिन्हांकन करने, नशे में वाहन चालकों पर कार्यवाही, कैमरे को दुरुस्त कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुंजाम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, एवं विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### एनएमडीसी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया



**हैदराबाद, 12 मार्च ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, हाइबिज टीवी ने 7 मार्च को हैदराबाद में छठे वुमेनलीडरशिप अवार्ड 2025 का आयोजन किया। समारोह में एनएमडीसी की नवनियुक्त निदेशक (कार्मिक) श्रीमती जी प्रियदर्शिनी को सरकारी सेवा श्रेणी के अंतर्गत नेतृत्व और गवर्नेंस में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह को गतिशील बनाते हुए, एनएमडीसी ने उसी दिन अपने प्रधान कार्यालय में एक मानसिक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया। इस सत्र में अतिथि वक्ता के रूप में अपोलो अस्पताल, हैदराबाद की प्रसिद्ध नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. सी. मंजुला राव शामिल हुईं।वार्ता महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर केंद्रित थी, जिसमें सुदृढता और आत्म-सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया । डॉ. राव ने अपने मूल्यवान विचार और विशेषज्ञता साझा करते हुए महिलाओं को अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और सकारात्मक मानसिकता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएमडीसी के निदेशक (वाणिज्य) श्री विश्वनाथ सुरेश ने सभा को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा समावेश और विविधता केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे आगे बढकर संगठन के ताने-बाने का एक अभिन्न अंगबनना चाहिए। एनएमडीसी ने अपनी पहली महिला निदेशक के साथ इतिहास रचा है। हमारी महिला कर्मचारी सभीबाधाओं को तोडते हुए आगे बढ रही हैं और खनन तथा उससे भी आगे बढकर नेतृत्व को एक नई परिभाषा दे रही हैं। उन्होंने समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एनएमडीसी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, जहां सफलता केलिए वैविध्यपूर्ण दृष्टिकोणों और प्रतिभाओं को महत्व दिया जाता है।डॉ. सी. मंजुला राव ने आत्मविश्वास और मानसिकता में बदलाव की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया और कहा,सशक्तिकरण मानसिकता में बदलाव के साथ शुरू होता है। जब महिलाएं आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को अपनातीहैं, तो वे अपनी बात को शक्ति और स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करती हैं। हमें अपने आत्मसम्मान को बढ़ाना चाहिए, औरअधिक समावेशी और संतुलित समाज की दिशा में सार्थक कदम उठाने चाहिए। हमारे द्वारा आज लाए गए परिवर्तनभविष्य में महिलाओं की अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर विश्व का सृजन करते है। कार्यक्रम का समापन महिला कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए खेलों तथा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ।

# अबूझमाड़ के दिव्यांगों को मिले निःशुल्क कृत्रिम अंग , कैलीपर्स, बैसाखी, व्हील चेयर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 12 मार्च।** नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में आज से दो दिवसीय निःशुल्क दिव्यांग सेवा शिविर का आयोजन जैन समाज और जिला प्रशासन व समाज कल्याण विभाग के सयुक्त तत्वाधान में माहका के इनडोर स्टेडियम में राजस्थान के जयपुर जिले से आए महावीर दिव्यांग सेवा सहायता समिति के सहयोग से आयोजित किया गया । शिविर का शुभारंभ जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई, जिला पंचायत सीईओ आकांक्षा दीक्षा खलको और जैन समाज की महिलाओं द्वारा रीबन काटकर किया गया इस दौरान नवकार मंत्र और भगवान महावीर के जयकारे लगाकर कार्य प्रारंभ किया गया । दिव्यांग शिविर में जिले के दिव्यांजनो को कृत्रिम अंग ,कैलीपर्स, बैसाखी, व्हील चेयर जैसी चलने वाली सहायता और अन्य सहायता और उपकरण जांच कर पूरी मुफ्त प्रदान किया जा रहा है । इस शिविर में आए दिव्यांग जनों के चेहरे पर पहली बार इतनी खुशी नजर आई क्योंकि वे अब कृत्रिम अंग के सहारे चल फिर सकते है । शिविर में पहले दिन 260 दिव्यांग जनों ने पंजीयन कराकर स्वास्थ लाभ लेकर शिविर का लाभ लिया , शिविर में जिनके पैर नहीं है , जिनके हाथ नहीं है जो चल नहीं पा रहे है वैसे दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग लगाया गया ओर विलचेयर , ट्रायसिकल का वितरण किया गया जिसमें ट्रायसिकल 65 हितग्राही , विलचेयर 20 हितग्राही , बैसाखी 20 हितग्राही , इरिंग हेड 40 हितग्राही , पैर हाथ 20 हितग्राही , छड़ी 3 हितग्राही , वाल्कर 1 हितग्राही को मिला । प्रतिष्ठा ममगाई जिला कलेक्टर ने कहा कि दिव्यांग जनों को जैन समाज द्वारा शिविर लगाकर निशुल्क सेवा भाव से जो मदद की जा रही है वो काबिले तारीफ है , जिला प्रशासन के साथ समाज भी आगे आए तो ये दिव्यांग जन समाज में अपने आप को अकेला नहीं पाएंगे क्योंकि आप सभी लोग इनके साथ खड़े है जयपुर की सेवा संस्थान को इनके पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद देती हु । वही जयपुर सेवा संस्थान के सदस्य ने कहा कि कृत्रिम अंग , कैलिपर्स आदि के फिटमेंट के मामले में दिव्यांग के लिए दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है जो कृत्रिम अब (जयपुर फूट सहित ) कैलीपर्स, बैसाखी, व्हील चेयर जैसी चलने वाली सहायता और अन्य सहायता और उपकरण पूरी तरह से मुफ्त प्रदान करता है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य शारीरिक रूप से अक्षम लोगों, विशेष रूप से संसाधन-विहीन लोगों का शारीरिक और सामाजिक-आर्थिक पुनर्वास है, ताकि वे सम्मान का जीवन जी सकें और समुदाय के उत्पादक सदस्य बन सकें। यह शारीरिक रूप से दिव्यांग लोगों के लिए सहायता और उपकरणों के विकास और सुधार में वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान भी करता है और ऐसे उत्पादों के निर्माण से संबंधित ज्ञान और विशेषज्ञता के प्रसार के लिए कार्यशालाओं और सेमिनारों का आयोजन भी करता है। हमारी कोशिश रहेगी कि हम बस्तर में भी हमारी संस्थान खोले ताकि बस्तरवासियों को भी निःशुल्क सेवा भाव से लाभ मिल सके । समाज कल्याण विभाग की अधिकारी ने कहा कि जैन समाज नारायणपुर और समाज कल्याण विभाग के सयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन श्री भगवान महावीर सेवा सहायता समिति जयपुर के सहयोग से किया गया । शिविर में पहले दिन 260 दिव्यांग जनों ने पंजीयन कर शिविर का लाभ लिया पहली बार नारायणपुर जिले में कृत्रिम अंग लगाने का शिविर लगाया गया है जिसका लाभ दिव्यांग हितग्राहियों ने लिया है कल शिविर का अंतिम दिन है सभी से अपील है कि दिव्यांग जनों को लाभ दिलाने महाका इनडोर स्टेडियम में लाने का कष्ट करे । महावीर दिव्यांग सेवा सहायता समिति के सदस्यों अनुज लोधी , प्रदीप शर्मा , राजेन्द्र सनी , मानसिंह , अनवर अहमद , मनोज सोलेत , दिनेश सैनी , दिनेश दिवाकर , नरेन्द्र नायक , सागर दल , जितेन्द्र सिंह तोमर बम्बई ने शिविर में अहम योगदान दिया । जैन समाज के वरिष्ठ रानीदान देशलहरा, जैन समाज के अध्यक्ष भंवर लाल गोलछा , मंगलचंद जैन, जवरीलाल चौरडिया , जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष पंकज जैन , पवन श्रीश्री माल , डिंपल देशलहरा , बंटी जैन , विकास गोलछा , जैन समाज की महिलाएं मौजूद रही ।



### होली में शांति व्यवस्था बनाए रखने एएसपी,एसडीएम ने ली बैठक

**बीजापुर, 12 मार्च ।** एडिशनल एसपी श्री चन्द्रकांत गवर्ना, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल ने आगामी होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए बीजापुर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए होली पर्व मनाने के लिए शांति समिति की बैठक जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में ली। बैठक में नव निर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी उपस्थित रही।एडिशनल एसपी एवं एसडीएम द्वारा प्रेम और सौहार्द्र के पर्व एवं रंगो के त्यौहार होली को आपसी भाई चारे एवं सद्भावना पूर्वक मनाने की अपील करते हुए उपस्थित व्यापारीगण, मीडिया प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों एवं नव निर्वाचित पार्षदों से सुझाव भी आमंत्रित किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों ने अपना-अपना सुझाव भी दिए जिस पर आवश्यक पहल एवं अमल करने का आश्वासन दिया गया।शांति समिति की बैठक में होलिका दहन स्थल चयन के दौरान भीड़भाड़ वाले स्थान से बचने तथा पर्याप्त लाईटिंग और फायर बिग्रेड की टीम मुस्तैद रखने के निर्देश एसडीएम और नोडल अधिकारी श्री जागेश्वर कौशल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिया। पारंपरिक रूप से चिकटराज गुड़ी में होने वाले होली का दहन कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था में करने के निर्देश दिए।होली त्यौहार का दिन आपसी सौहाद्रता बनाऐ रखने और एक दूसरे के मान्यताओं को आदर और सम्मान करने की अपील की गई।

**एक नजर**

## डॉ. कुमार विश्वास की सुपुत्री अग्रता की शादी में सपत्निक शामिल हुए महावीर अग्रवाल



**खरसिया,12 मार्च।** प्रख्यात कवि, मोटिवेशन व रामकथा वाचक कुमार विश्वास की बड़ी सुपुत्री अग्रता की शादी का रिसेप्शन व आशीर्वाद समारोह 5 मार्च को नई दिल्ली के पांच सितारा होटल अशोक के कन्वेंशन हॉल में हुआ। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित उनके मंत्रिमंडल के सदस्य, कई राज्यों के मुख्यमंत्री व मंत्रीगण, संत-महात्मा सहित बालीवुड की कई हस्तियां व कविगण शामिल हुए। इस भव्य समारोह में रायगढ़ से युवा समाजसेवी महावीर अग्रवाल भी सपत्निक शामिल हुए और कुमार विश्वास सहित उनकी पुत्री व दामाद को शादी की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल दाम्प्त्य जीवन की कामना की। अग्रवाल ने बताया कि देश के विख्यात कवि कुमार विश्वास के साथ उनका काफी पहले से आत्मीय संबंध रहा है। वे जब भी किसी कार्यक्रम के सिलसिले में रायगढ़ पहुंचते हैं, तो उनसे आत्मीय मुलाकात होती है। बड़े भाई की तरह मुझे उनका प्यार मिलते रहा है। हाल ही में उनकी सुपुत्री अग्रता की शादी हुई, कुमार विश्वास ने मुझे भी आमंत्रित किया था। इस पर श्री अग्रवाल शादी के आशीर्वाद समारोह में शामिल होने अपनी पत्नी के साथ नई दिल्ली रवाना हुए और 5 मार्च को होटल अशोक में आयोजित समारोह में शामिल हुए। इस भव्य समारोह में राजनीति, कला, मीडिया, साहित्य व अध्यात्म सहित अन्य क्षेत्रों की तमाम हस्तियां शामिल हुईं, जिनमें से कई लोगों से मिलने का अवसर मिला। यह समारोह उनके जीवन के लिए यादगार बन गया। समारोह में प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, नई दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, उप मुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी सहित अन्य राज्यों के मंत्री, राजनैतिक दलों के नेता शामिल हुए। स्वामी अवधेशानंद गिरी, आचार्य प्रमोद कृष्णम बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, कैलाशानंद गिरी महाराज, चिन्मयानंद बापू, कविगण में शैलेष लोढ़ा, पं. सुरेंद्र दुबे, सुदीप भोला, गौरव चौहान, अनील अग्रवंशी, शशिकांत यादव, प्रख्यात भजन गायक कन्हैया मित्तल, बालीवुड सिंगर हनी सिंह, मीडिया जगत से रजत शर्मा, प्रतीक त्रिवेदी सहित बालीवुड, संगीत, अध्यात्म, राजनीति, साहित्य, उद्योग जगत की तमाम जानी मानी हस्तियां समारोह में शामिल हुई।

## मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना में 30 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**बीजापुर 12 मार्च ।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह का आयोजन नैमेड़ में सम्पन्न हुआ उक्त विवाह समारोह में 30 जोड़े नव दंपति परिणय सूत्र में बंधे जिसमें 16 जोड़े आदिवासी रीति-रिवाज एवं 14 इसाई दंपति ने अपने सामाजिक रीति-रिवाजों के तहत एक दूसरे को जीवन साथी चुना।महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्रीमती कल्पना रथ ने बताया मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह में 30 जोड़े वर-वधु शामिल हुए जिन्हें शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कपड़े, गहने, श्रृंगार सामग्री वर माला के अलावा वधु के खाते में पैंतीस हजार रूपए शासन द्वारा अंतरित की जाती है।

## होली अवकाश के कारण मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र आज करेंगे जारी

**महासमुंद।** जिला चिकित्सालय महासमुंद (वर्तमान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संलग्न चिकित्सालय महासमुंद) में संचालित मेडिकल बोर्ड के तहत दिव्यांग प्रमाणपत्र सत्यापन-नवीनीकरण एवं नवीन दिव्यांग प्रमाणपत्र माह के प्रत्येक बुधवार को तथा मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र प्रत्येक शुक्रवार को जारी किए जाते हैं।

संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि होली पर्व के अवसर पर शुक्रवार 14 मार्च 2025 को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि में परिवर्तन किया गया है।

# होली पर्व के मद्देनजर मिठाई एवं खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने के निर्देश

**महासमुंद,12 मार्च।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने शासकीय एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति एवं कार्यां की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, रवि राज ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य विकासखण्ड अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

कलेक्टर लंगेह ने किसान पंजीयन की जानकारी लेते हुए कहा कि इसमें आवश्यक तेजी लाएं। उन्होंने किसानों का एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री एप्प/पोर्टल में सीएससी और सहकारी समितियों के माध्यम से रजिस्ट्रेशन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि किसान स्वयं भी एग्रीटेक एप्प के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते है। इसी तरह उन्होंने धान उठाव की प्रगति की समीक्षा की। शेष एक लाख 10 हजार क्विंटल धान का उठाव आगामी 13 मार्च तक उठाव करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में राशन कार्ड के ई केवाईसी के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य अधिकारी ने बताया कि राशन कार्ड के ई केवाईसी के लिए 31 मार्च तक का समय सीमा निर्धारित है। उन्होंने वर्तमान में चल रहे बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी प्रकार के नकल प्रकरण पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य में अधिक से अधिक सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिन परिवारों का आधार कार्ड नहीं बना है, उनके लिए विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं। निक्षय निरामय योजना अंतर्गत चिन्हांकित सभी मरीजों के संरक्षण एवं उसके इलाज के लिए लगातार प्रयास करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए है। इसी तरह जल शक्ति अभियान के अंतर्गत विभिन्न जल स्त्रोतों का फोटो अपलोड करने कहा गया है। इसी तरह निर्माण एजेंसी को 20 मार्च से पहले लंबित भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित एजेंसी पूर्णतः प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लेवें। महासमुंद एवं बागबाहरा एफसीआई के समीप सड़क के दोनों किनारों पर वाहन खड़ा करने को रोकने के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। इसी तरह खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को त्यौहार के मद्देनजर मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों के लगातार निरीक्षण कर सैंपल लेने के निर्देश दिए है।

बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का समय सीमा पर निराकरण के निर्देश दिए। इसके अलावा पीएम आवास, पीएम जनमन, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड आदि की समीक्षा की गई एवं उसमें तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने हाईकोर्ट एवं विभिन्न आयोगों से प्राप्त पत्रों को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा में जवाब देने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जन चौपाल, जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त मांग एवं शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान दुर्गा महिला स्वसहायता समूह भोरिंग द्वारा बनाए जा रहे हर्बल गुलाल कलेक्टर एवं वरिष्ठ अधिकारियों को भेंट किया गया। कलेक्टर ने राशि भुगतान करते हुए सभी आम नागरिकों से हर्बल गुलाल का उपयोग करने और महिला स्व सहायता समूहों से खरीदने की भी अपील की।

# अमर पारवानी के जय व्यापार पैनल की चल रही आंधी, व्यापारी एकता पैनल को नहीं मिल रहे प्रत्याशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,12 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के आगामी चुनाव को लेकर व्यापारी एकता पैनल असमंजस में है एवं हार की प्रबल संभावना को जानते हुए उनके प्रमुख श्रीचंद सुंदरानी किसी भी प्रकार से चुनाव को टालने की कोशिश कर रहे है।

उपरोक्त आरोप खरसिया से छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल (पत्रकार) ने लगाते हुए बताया की अमर पारवानी एवं उनकी टीम के शानदार कार्यकाल से प्रदेश भर के व्यापारी प्रसन्न है तथा उपरोक्त चुनाव में भारी बहुमत से जय व्यापार पैनल के सभी प्रत्याशियों को विजयी बनाने मतदान तिथि का इंतजार कर रहे है।चेंबर के प्रदेश



उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने यह भी कहा की जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अमर पारवानी की लोकप्रियता प्रदेश के व्यापारीयो में सर-चढ़ कर बोल रही है। वही उनके सामने व्यापारी एकता पैनल को खड़े करने लिए प्रत्याशी ही नहीं मिल रहे है। इसलिए इनकी नीति किसी भी तरह से चुनाव टालने की है। अग्रवाल ने श्रीचंद सुंदरानी से आग्रह किया है की आप स्वयं प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव लड़कर अपनी लोकप्रियता माप लेवें।

अशोक अग्रवाल ने बताया बिलासपुर संभाग के सभी जिलों में जय व्यापार पैनल के अध्यक्ष प्रत्याशी अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन एवं कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा की आंधी चल रही है। जिसके कारण व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों की हार निश्चित है। इसलिए इस पैनल से कोई प्रत्याशी बनने को तैयार नहीं हो रहा है। देखना है व्यापारी एकता पैनल के श्रीचंद सुंदरानी अपने आप को बचाते हुए किसे प्रत्याशी बनाकर बली का बकरा बनाएंगे।

## 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 04 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए चार-चार लाख रुपए के मान से कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम नूनपानी की मृतिका उत्तरा चंद्रवंशी, ग्राम बांदा के मृतक शंकरलाल एवं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बान्दुमुड़ा के मृतक ढोला दीवान उर्फ डोलाराम के निकटतम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किए है। इसी तरह आग में जलने से मृत्यु होने पर सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम महलपारा की मृतिका ममता शर्मा के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति से लाभ न मिले दिनेश को



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 12 मार्च।** जिला मुख्यालय के नक्सली हिंसा प्रभावित एरिया के आदिवासी ग्रमीण आय सड़क में उन्होंने कहा सरकार से मिलने वाली योजना का लाभ नहीं मिलना चाहिए । पिछले दिनों सरकार की योजना का लाभ लेने पहुंचे गंगालूर एरिया कमेटी डीवीसीएम दिनेश मोडियमा और उन की पत्नी कला तत्ती अपने परिवार के साथ नक्सल उन्मूलन नीति का लाभ लेने आत्मसमर्पण किया । इस बात से नाराज ग्रामीणों ने आज सैकड़ो की संख्या में निकालकर विरोध जताया कहा हजारों की संख्या में मुखबारी के नाम पर ग्रामीण व आदिवासी की हत्या करने वाले आत्मसमर्पित नक्सली दिनेश मोडियमा को सरकार की किसी भी योजना का लाभ नहीं मिलना चाहिए । उनके द्वारा गांव में दहशत फैलाकर मारपीट कर मौत की सजा देते थे । कई आदिवासी ग्रामीणों को जिसमें छोटे



बच्चों से लेकर गांव के बुजुर्ग महिला पुरुष व सरकारी कर्मचारी तक को कभी नहीं छोड़ा पुलिस के जवान और परिवार के सदस्यों के साथ भी लूटपाट हत्या गाड़ियों में आगजनी राजनीतिक कार्यकर्ताओं के साथ ही सभी समाज के वरिष्ठों को बेरहमी से मौत के घाट उतरा सरकारी योजनाओं के विरुद्ध गांव वालों को भड़काना रोड पुल पुलिया मूलभूत सुविधा लेने से वंचित करना सरकारी भवनों को तोड़फोड़ करना तेंदूपत्ता संग्राहक व निर्माण कार्य ठेकेदारों से वसूली करना क्षेत्र के कई सरपंच पंच जिला पंचायत सदस्य जनपद पंचायत सदस्य को मारना जिले में कई अलग-अलग क्षेत्र में मुखबिरी के नाम पर आदिवासी ग्रामीणों को मौत के घाट उतारना पुलिस की गाड़ियों को बम से उड़ाना ऐसी अनेकों अनेक घटनाएं उसने उनके द्वारा गंगालूर क्षेत्र में की गई और वह आसानी से आत्मसमर्पण कर सरकार की नक्सली उलमूलन नीति का लाभ लेकर लेना चाहते हैं वही आदिवासी ग्रामीणों ने बताया कि कल के दिन वह फिर से गांव में आकर ग्रामीणों को परेशान करना मौत के घाट उतारने का काम करेगा । इसीलिए शिकायत एवं दर्ज करने की बात कह कर ग्रामीणों ने रैली प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी बीजापुर को ज्ञापन सौप ।

### कोटवारों ने हकीकत बताई

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कोटवार बताते हैं कि दिनेश के द्वारा क्षेत्र में एक आतंक फैला हुआ था उनके द्वारा कई मुखबिरी के नाम पर जवान युवक की हत्या की गई । जिससे आहत होने के बाद भी बाहर आकर अपनी बात रखने में हम और सक्षम नहीं थे ।कोटवार बताते है कि माडकम बाढ़े और आड़े पति पत्नी थे गाँव मे जड़ी बूटी देते थे । उन की हत्या कराया, दुल्ला,कवासी,कुंजाम लिगा, सन्तु ,सन्नू,अर्जुन, जैसे कामकानार से 9 आदिवासी ग्रमीण ,तोड़का,सवनार,हितवार,कोरचोली, नेन्द्रा से करीब 12 आदिवासी ग्रमीण मोटू कामेश्वर कुरसम मूलवासी मंच जैसे कई ग्रामीणों की हत्या की वही जन अदालत लगाकर हर गांव में 10 से 15 लोगों को मारपीट कर हिदायत दी नजर बंद किया ऐसे आने को अनेक सजा दिनेश के द्वारा दी गई थी ।

# भूपेश बघेल के निवास में ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने ईडी और भाजपा सरकार का पुतला दहन किया



**बीजापुर,12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला मुख्यालय बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई स्थित निवास में ईडी की कार्यवाही को लेकर ईडी और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाते हुए कहा है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भूपेश बघेल की भिलाई स्थित उनके निवास पर ईडी और भाजपा सरकार की कार्यवाही लोकतंत्र के खिलाफ है। भाजपा सरकार और ईडी जानबूझकर सत्ता का दुरुपयोग करते हुए कांग्रेस नेताओं के ख़िलाफ़ कार्यवाही कर रही है जो कि लोकतंत्र के खिलाफ है। वहीं जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के अध्यक्ष लालू राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बदले की राजनीति से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी के नेताओं को परेशान करने की नियत से देश की संवैधानिक संस्था ईडी का दुरुपयोग कर रही है, जो कि लोकतंत्र के खिलाफ है। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, जिला पंचायत सदस्य लच्छू राम मौर्य, जनपद अध्यक्ष सोनू पोटाम, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष कमलेश कारम, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, जनपद सदस्य मनोज अवलम, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश पुजारी, जिला महामंत्री जितेंद्र हेमला, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम खत्री, कांग्रेस नेता प्रवीण उद्दे, राम कुमार दुर्गम, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव शेख रजिया, इदरीस खान, जनपद सदस्य बोधि ताती, सकीना बानो, संजना चौहान, संगीता नाग, महेश हेमला, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, सदाशिव राना, श्यामू गुप्ता, रोहित कुमार ठाकुर, युवा कांग्रेस के कामेश मोरला, मगन और बलराम कोरसा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## स्वर्ण रेखा शाह बनी कुटरू की सरपंच

**बीजापुर,12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुटरू मे अभी भी जमींदार परिवार का जलवा बरकरार है बीते त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव



मे एक बार फिर कुटरू की आम जनता ने कुटरू जमींदारी की पहचान बनाये रखने शाह परिवार की बहन स्वर्ण रेखा शाह को सरपंच बनाया है यहाँ बतादे स्वर्ण रेखा शाह चौथी बार कुटरू की सरपंच बनी है यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिले मे कुटरू और भोपाल पटनम जमींदारी का खासा महत्व रहा है दोनों जमीदारी की बस्तर सहित दिल्ली तक पहुंच रही है दृगपाल सांसद तो शिशुपाल बीजापुर विधायक रहे हैं इसी तरह. भोपाल पटनम से पामभोई परिवार भी काफी समय तक राजनीति मे सक्रिय रहे बीजापुर विधानसभा से राजेंद्र राज पामभोई तीनों बार विधायक रहे हैं। इस तरह बीजापुर जिले मे कुटरू जमींदारी का अभी भी अच्छा खासा प्रभाव है कुटरू वासियों. ने सरपंच निवार्चित होने पर स्वर्ण रेखा शाह को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## होली को लेकर यातायात पुलिस अलर्ट, नियम तोड़ने वाले 37 वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई



**बीजापुर,12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले में यातायात पुलिस होली को लेकर अलर्ट मोड पर है चेकिंग अभियान चल रही है पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेंद्र कुमार यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना एवं यातायात नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार साहू के मार्गदर्शन पर सड़क दुर्घटना को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु यातायात पुलिस बीजापुर के द्वारा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले ऐसे वाहन चालकों को दो पहिया वाहन चालकों जो तीन सवारी बिठाकर, हेलमेट नहीं पहने एवं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कुल 37 प्रकरण तैयार कर कुल 12300 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया है एवं आगामी त्यौहारों को देखते हुए यातायात पुलिस बीजापुर के द्वारा दो पहिया वाहन पर तीन सवारी बिठाना, बिना हेलमेट के चलने वाले वाहन चालकों , बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वाले वाहन चालकों एवं नशा सेवन कर वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई किया जावेगा।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला ईकाई बीजापुर का गठन



**बीजापुर,12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 9 मार्च 2025 को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई बीजापुर का गठन किया गया द्य अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा एवं कोंडागाँव जिलाध्यक्ष सूरज यादव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के दक्षिण बस्तर के अंतिम जिला बीजापुर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई बीजापुर का गठन किया गया जिसमें सूबेदार ककेम नारायण को बीजापुर जिलाध्यक्ष, मरियम एक्का को सैन्य मातृशक्ति की जिलाध्यक्ष, कमला ककेम को उपाध्यक्ष एवं निर्मला को सचिव पद का दायित्व दिया गया द्य सर्वप्रथम भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित किया गया तत्पश्चात सभी के द्वारा संगठन का गीत गाया गया द्य इसके बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को संगठन का राष्ट्रीय केप पहनाकर शपथ दिलाया गया एवं मनोनयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया द्य बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद भारत सरकार एवं रक्षा मंत्रालय से मान्यता प्राप्त एक पंजीकृत संगठन है जिसका पंजीयन नंबर 4097 है द्य सैन्य सेवा में रहते हुए हमने देश की सेवा की और सेवानिवृत्त होने के पश्चात अब समाज की सेवा करना है और संगठन से जुड़कर रहना है द्य कोंडागांव जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठन के मुख्य तीन उद्देश्य हैं सेवा साहस और सम्मान द्य सेवा - देश की, साहस- सामाजिक चुनौतियों को स्वीकार करने की और सम्मान- सम्मानजनक पुनर्वास की इसके साथ-साथ संगठन के द्वारा विजय दिवस, कारगिल विजय दिवस और आजाद हिंद फौज दिवस आदि मुख्य कार्यक्रम मनाया जाता है दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष दिनार्थ पान ने बताया कि हमें संगठन से क्यों जुड़कर रहना चाहिए और संगठन मैं जुड़कर रहने से हमें क्या लाभ मिलता है, इस बारे में विस्तार पूर्वक बताया द्य इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद दंतेवाड़ा के पूर्व सैनिक रोसारिया विक्ट, पूर्व सैनिक लल्लन प्रसाद सेन, पूर्व सैनिक मुन्नू स्वामी, बीजापुर जिला की मातृशक्तिया दिव्या खेस, दोलोरसा तिर्की, श्रीमती रोलेशटीना शीलमनती उपस्थित रहे ।

# अपने जन्मदिन पर कलेक्टर ने दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में न्यौता भोज का किया आयोजन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 12 मार्च।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर एजुकेशन सिटी स्थित दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र ÷समर्थ÷ में न्यौता भोज का आयोजन किया।

कलेक्टर श्री मिश्रा जिला स्तरीय सभी अधिकारियों को अपने विशेष दिनों पर बच्चों के बीच जाकर खुशी मनाने के लिए प्रेरित करते हैं। वहीं अपने जन्म दिन के अवसर पर दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में दिव्यांग बच्चों को खीर-पुड़ी, फल, मिठाई एवं पौष्टिक आहार न्यौता भोज के रूप में प्रदान किया गया।

कलेक्टर श्री मिश्रा के इस आयोजन में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी दिव्यांग बच्चों के साथ न्यौता भोज में विशेष रूप से शामिल हुए। कलेक्टर के इस पहल पर दिव्यांग बच्चे बहुत उत्साहित नजर आए और न्यौता भोज का आनंद लिए। बच्चों की खुशी को देखकर अधिकारियों ने भी प्रसन्नता जाहिर की।

# दो दशक बाद शुरू हुआ पुजारी कांकेर का साप्ताहिक बाजार



**बीजापुर,12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** माओवादी हिंसा से जूझते बीजापुर जिले का पुजारी कांकेर का इलाका कभी माओवादियों के आधार इलाके के रूप में मशहूर हुआ करता था। जिसे माओवादियों के घोषित अघोषित प्रतिबंधों और ग्रामीणों पर लगाई गई आर्थिक नाकेबंदी के चलते साप्ताहिक बाजार बंद कर दिया था। ग्रामीणों को अपने वनोपज और रोजमर्रा की सामग्री के लिए 30 से 40 किमी दूर पैदल चल कर उसूर और चेरला तेलंगाना जाना पड़ता था।इलाके में नक्सल उन्मूलन के लिए स्थापित सुरक्षा कैंप और सड़क निर्माण से आवाजाही शुरू होने से लोगों की पहुंच जिला और ब्लाक मुख्यालय तक होने लगी है। जिला प्रशासन के सहयोग से पुजारी कांकेर तक बस सेवा भी शुरू कर दी है।सोमवार को ग्रामीणों और सुरक्षा बलों की पहल पर दो दशक बाद फिर से साप्ताहिक बाजार की शुरुआत की गई। साप्ताहिक बाजार में पुजारी कांकेर और आस पास इलाके के ग्रामीणों ने अपनी जरूरत की सामाग्री खरीदा वहीं स्थानीय उपज को बाजार में बेचने के लिए रखा था। पुजारी कांकेर में साप्ताहिक बाजार शुरू होने से वनोपज से जुड़े स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में खुशी की लहर है।

## बस्तर पण्डुम के गरिमामय एवं सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**बीजापुर 12 मार्च ।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में बस्तर पंडुम 2025 के गरिमामय एवं सफलतापूर्वक आयोजन करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश देते हुए अधिक से अधिक गांवों के प्रतिभागियों को पंडुम में शामिल करने को कहा।कलेक्टर ने जिले में संचालित समस्त विकास कार्यों में गति लाने एवं गुणवत्तापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

## आदिवासी समुदाय के बीच एकता, आपसी समझ और समावेशिता को बढ़ावा देने सीआरपीएफ की पहल



**बीजापुर,12 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गौतम बुद्धनगर, नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित ट्राइबल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम से वापस लौटे युवाओं के वापसी के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए भारत की विविधता और सांस्कृतिक विरासत को महानतम बताया।सोमवार को सीआरपीएफ 196 वाहिनी मुख्यालय में कमांडेंट कुमार मनीष से भेट कर अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान कमांडेंट कुमार मनीष ने कहा कि आपने ट्राइबल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के दौरान जो भी अनुभव प्राप्त किया है उसे अपने साथियों के साथ जरूर साझा करें तथा अपने साथियों को ऐसे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित करें।आईजीपी सीआरपीएफ राकेश अग्रवाल, डीजीपी डी.एस.नेगी के निर्देशन और कमांडेंट कुमार मनीष के नेतृत्व में 196 बटालियन से 39 आदिवासी युवक-युवतियों को नेहरू युवा केन्द्र के सौजन्य से आयोजित 16 वे आदिवासी युवा विनियम कार्यक्रम 2024-25 में भाग लेने के लिए 02 मार्च 2025 को गौतम बुद्धनगर नोएडा के लिए रवाना किया गया था। यह कार्यक्रम 2 मार्च से 8 मार्च 2025 तक गौतम बुद्धनगर, नोएडा में आयोजित किया गया था, जिसमें देश भर के विभिन्न आदिवासी क्षेत्रों के युवक-युवतियां भाग लिया। इस आयोजन में युवक-युवतियों ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। लाल किला, इंडिया गेट, पीएम संग्रहालय और मैट्रो का सफर तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात किया। इस आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था, जिसमें सम्मिलित युवक-युवतियों को पारितोषिक, प्रमाणपत्र दिया गया।

## एक नजर

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार,12 मार्च।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलारी तहसील अंतर्गत ग्राम कोदवा निवासी हेमंत वर्मा पिता तेजराम वर्मा की सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पत्नी अंजू वर्मा पति स्व. हेमंत वर्मा को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 अप्रैल तक

**बलौदाबाजार,12 मार्च।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिये अधिसूचना जारी की जा चुकी है जो भारतीय सेना की वेबसाइट www.joinindian-army.nic.in पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदो के लिये जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिये ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 12 मार्च 2025 से 10 अप्रैल 2025 तक खुली रहेगी। जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार इस बार के अभ्यर्थी अग्निवीर के दो पदों के लिए अपनी योग्यतानुसार आवेदन कर सकतें है। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा सीईई के समय टाइपिंग टेस्ट देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा सीईई जून 2025 के बाद होने की संभावना है।

### कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 मार्च को

**बलौदाबाजार,12 मार्च।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं के लिए लिखित चयन प्रवेश परीक्षा 30 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक पं. गणेश शंकरकर बाजपेयी हाई स्कूल गांधी चौक बलौदाबाजार में लिखित परीक्षा आयोजित की गई है। अधिक जानकारी के लिए संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

संयुक्त जिला सभागार में समय सीमा की बैठक का आयोजन

# कलेक्टर ने ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के विकास कार्यों में प्रगति लाने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 12 मार्च।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय -सीमा की बैठक में विभागीय काम काज की समीक्षा की। उन्होनें समय - सीमा के तहत दर्ज प्रकरणों के निरकारण में तेजी लाने तथा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने प्रत्येक सोमवार को कार्यालय में उपस्थित रहने और लोगों की समस्याओं का निराकरण करने कहा। वित विभाग के निर्देश के अनुसार निर्धारित समय -सीमा में वित्तीय वर्ष के देयकों का भुगतान सुनिश्चित करने, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत निर्माणाधीन आवासो को 31 मार्च तक पूरा करने लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिये। इसीतरह नजुल नवीनीकरण के लिए अभियान चलाने, उपार्जन केंद्रों से धान उठाव में तेजी लाने कहा। कलेक्टर ने ई ऑफिस संचालन हेतु कार्यालय के अधिकारी - कर्मचारियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत, पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं उनका शीघ्र निराकरण करने कहा। बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गोते, अभिषेक गुप्ता, मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## होली त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने शहर थाना में हुई शांति समिति की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 12 मार्च।** शहर थाना मे होली का त्योहार शांतिपूर्ण मनाये जाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमे सभी गणमान्य जनो से होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जाने व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगरपालिका के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा पार्षदगण मीडिया के लोग व्यापारी संगठन गणमान्यजन के अलावा प्रसाशनिक अधिकारियों मे एडीशनल एसपी एच.एस.सिदार, एसडीएम अभिषेक गुप्ता,जिला यातायात डीएसपी कुजूर,तहसीलदार,शहर टी.आई.परिवेश तिवारी ,सीएमओ न.पा.जफर खान,आदि मौजूद रहे इस अवसर पर प्रशासन ने सभी लोगो से शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील की बैठक मे तीन सवारी व शराब के नशे मे दुपहिया वाहन चलाने वाले सहित शरारती तत्वों पर कडी कार्यवाही की जायेगी तीन सवारी ,शराब पीकर दुपहिया वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के वाहन को पुलिस जप्त किया जायेगा जिन्हे त्योहार के बाद ही छोडा जायेगा वही पुलिस प्रशासन ने अपील की है होलिका दहन समय पर कर लेवें,बीच सडक व बिजली के खम्भे के तार के नीचे होलिका दहन न करें,टी.आई.परिवेश तिवारी ने बताया शहर के संवेदनशील क्षेत्रो पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी वही पुलिस का पेट्रोलिंग वाहन शहर मे भ्रमण करते रहेगा अवैध शराब बेचने वालो पर सख्त कार्यवाही की जायेगी होली त्योहार के मद्देनजर बुधवार सुबह से ही टी.आई.परिवेश तिवारी शहर के गुरूनानकवार्ड पंचशील नगर सहित अन्य इलाको मे मानिटरिंग कर वहां की स्थिति का जायजा लिया।

### होली त्यौहार पर कानून तोड़ने वाले की अब खैर नहीं



**कसडोल, 12 मार्च।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर थाना प्रभारी महोदय , थाना कसडोल के आदेशानुसार आगामी होली त्यौहार को मद्देनजर रखते हुवे थाना कसडोल क्षेत्रों में निवासरत 10 आपराधिक प्रवृत्ति के असमाजिक तत्वों में लगातार संलिप्त व्यक्तियों के ऊपर धारा 170, 126,135 बीएसएसएस के तहत कार्यवाही किया गया एवं श्रीमान एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। एसडीएम न्यायालय द्वारा थाना क्षेत्रों में कानून व्यवस्था , शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निम्न व्यक्तियों के ऊपर भारी से भारी राशि का बॉन्ड ओवर की कार्यवाही किया गया है।

## समाचार संक्षेप

### महिला दिवस पर किया गया महिलाओं का सम्मान





**तिल्दा नेवरा, 12 मार्च।** बद्री नारायण बगड़िया हाई स्कूल देवरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विद्यालय परिवार के द्वारा विद्यालय की शिक्षिकाएं प्रशासनिक अधिकारियों की धर्मपत्नी नगर पालिका परिषद आके नव निर्वाचित अध्यक्ष ओर निर्वाचित महिला पार्षद एवं नगर सहित समस्त महिलाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया इसके मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के नेता रायपुर जिला ग्रामीण के महामंत्री अनिल अग्रवाल अनुभाग्य अधिकारी आशुतोष देवांगन हाई स्कूल समिति के अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा एवं समिति के सदस्यों द्वारा मंछिष्ट दिलदारनगर पालिका की प्रथम नागरिक चंद्रकला वर्मा अनुभाग्य अधिकारी श्रीमती आशुतोष देवांगन तहसीलदार मैडम विद्यालय के शिक्षिकाएं एवं भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचितमहिला पार्षदों का सम्मान किया गया इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमतीचंद्रकला वर्मा का सम्मान किया इस अवसर पर अध्यक्ष ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा की महिलाएं आज पुरुषों के मुकाबले में कार्य कर रही है उन्होंने सभी भाइयों को भी शुभकामना दी विद्यालय परिवार को शुभकामना दी इसके अलावा श्रीमती आशुतोष देवांगन ने भी अपने संबोधन में कहा कि महिला दिवस के अवसर पर समस्त नारी शक्ति का सम्मान के लिए आप सभी को बधाई देता हूं तहसीलदार कहां की महिला दिवस पर सभी महिला एक मंच पर बैठने से बहुत अच्छा लगता है इस अवसर पर उन्होंने बधाई दी पार्षद और रानी सौरभ जैन ने भी महिला दिवस के अवसर पर एक कविता के माध्यम से अपनी बात रखी साथ ही कहा कि समस्त महिला शक्ति को नमन करताकरती हूं और इसी तरह मैं सेवा करती रहूं यही आप सब की मुझ पर स्नेह बने रहे इसके अलावा महिलाओं का कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजन किया गया जिसमें सभी महिला सम्मिलित हुई।

### कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले आवास मित्रों को किया सम्मानित



■ प्रदेश में बलौदाबाजार-भाटापारा जिला पीएम आवास निर्माण में द्वितीय स्थान पर

**बलौदाबाजार, 12 मार्च।** कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो आवास मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमे विकासखंड सिमगा अंतर्गत पदस्थ आवास मित्र विनोद कुमार एवं देव कुमार शामिल हैं। बताया गया कि वर्ष 2024 - 25 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास पूर्ण कराने वाले जिले में बलौदाबाजार- भाटापारा प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जिले को 48079 आवास निर्माण का लक्ष्य मिला है जिसके विरुद्ध अब तक 38224 आवास स्वीकृत किये गये हैं । इनमे से 17668 आवास निर्माण हेतु द्वितीय किश्त की राशि जारी कर दी गई हैं एवं 7930 आवास पूर्ण हो गए हैं। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर दीपक सोनी ने विगत दिनों प्रधानमंत्री आवास निर्माण की समीक्षा बैठक में तेजी से एवं गुणवापूर्ण आवास निर्माण कारने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले आवास मित्रों को सम्मानित करने के निर्देश दिये थे। जिले में आवास मित्रो के द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण में हितग्राहियों को आवश्यक सहयोग किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द आवास निर्माण पूरा हो सके।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202503142400002 /अ-2/2024-25

साकिनः-कोटतरा, प.ह.नं.-17

**--:: उद्घोषणा ::--**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि, आवेदक सीताराम पिता गोंविन्दराम, जाति कलार, निवासी ग्राम कोटतरा, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम कोटतरा, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1356/7 रकबा 0.04 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 18.03.2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जावेगी।

अतः आज दिनांक 04.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चारामा, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

मुहर

### महिलाओं ने कृष्ण दरबार में भजन कीर्तन कर रंगोत्सव मनाया



**भाटापारा, 12 मार्च।** श्रीधाम वृन्दावन में होली का त्यौहार पंद्रह दिन पूर्व से शुरू हो जाता है ।तो मिनी वृन्दावन के नाम से जाना, जाने वाला भाटापारा भी पीछे नहीं है। यहां की भी सभी मंदिरों में होली की धूम मची है। श्री महासती मंदिर के कृष्ण दरबार में महिलाओं ने भजन कीर्तन गाकर रंगोत्सव मनाया।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनीं आम लोगों की समस्याएं

■ निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 12 मार्च।** संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुंचे लोगों के समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्री लकरा ने उन सब से बारी-बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनदर्शन में आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पिनकापार निवासी यशवंत पटेल ने अपने गांव के बड़े तालाब के पास पंप लाईन बदलवाने की मांग की। इसी तरह गुण्डरदेही विकासखण्ड की ग्राम मटिया निवासी परदेशीनन बाई ने खाता विभाजन तथा ग्राम लिमोरा निवासी चन्द्रहास साहू ने गांव में जन चैपाल लगाने की मांग की। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के अब्दुल रहीम खान ने अपने निजी भूमि में अवैध कब्जे को हटाने की मांग की। डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम अकोला निवासी उमेश्वरी ने स्थाई जाति प्रमाण पत्र बनाने की मांग की।

## कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 12 मार्च।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सभी नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ सुनिश्चित कराना शासन-प्रशासन के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसे ध्यान में रखते हुए जिले के प्रत्येक व्यक्तियों को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ सुनिश्चित कराना अत्यंत आवश्यक है। श्री चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिले में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सूर्यवंशी, जिला अस्पताल बालोद के अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### होली पर्व में शांति बनाए रखने हुई शांति समिति की बैठक

**बलौदाबाजार, 12 मार्च।** थाना पलारी में होली त्यौहार के संबध मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें एसडीओपी बलौदाबाजार, थाना प्रभारी पलारी, तहसीलदार पलारी, नायब तहसीलदार, बीएमओ, नगर पलारी अध्यक्ष पलारी, पार्षदगण, पत्रकार, सर्व समाज के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिकगण, थाना पलारी क्षेत्र अंतर्गत समस्त ग्राम सरपंच एवं ग्राम कोटवार आदि करीबन 150-200 नागरिकगण उपस्थित थे।

### आईडीबीआई बैंक ने प्राथमिक स्कूल खोखली को वाटरकूलर प्रदान किया



**भाटापारा, 12 मार्च।** आईडीबीआई बैंक भाटापारा शाखा द्वारा सीएसआर मद से भाटापारा आसपास के स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला खोखली मे वॉटर कूलर प्युरिफ़ाइर प्रदान की। इन सामग्रियाँ वितरण कार्य में आईडीबीआई बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख आशीष त्रिपाठी, शाखा प्रमुख गोविंद सिंह, क्षेत्रीय कॉर्डिनेटर सैकत सेन गुप्ता एवं स्कूल के प्रधान पाठक श्रीमती शालिनी वर्मा एवं अन्य शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाखा प्रमुख गोविंद सिंह द्वारा प्रदान की गई।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्र.-1, रायपुर**

**मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

विज्ञप्ति क्रमांक 1563/एन.आई.टी.-21/टी.सी./24-25/ रायपुर, दिनांक 10/03/2025

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | Dismanteling of Tahsil Office at Shashtri Chowk Raipur CG | 5.15 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि- 24.03.2025

2 उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur/ में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध । इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-1 रायपुर**

G-242505893/4

**कार्यालय सहायक आयुक्त/सचिव, जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

E-Mail-tribal.dhamtari@gmail.com, tribal.dmt@gmail.com Phone No.- 07722-232142, Fa& No.-07722-232143

**-:: संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना ::-**

क्रमांक/566/आदि.वि./एआआवि/129/2025, धमतरी, दिनांक 06/03/2025

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति धमतरी के अधीन संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह, विकासखण्ड-नगरी, जिला-धमतरी के मेस संचालन हेतु खाद्य व्यवस्था बाबत् सत्र 2025-26 (जुलाई 2025 से जून 2026 तक) के लिए पंजीकृत फर्मों / आपूर्तिकर्ताओं से सील बंद निविदाएं हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इस बाबत् निर्धारित अमानत राशि अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के पक्ष में देय होगा।

निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि - 21.03.2025
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 28.03.2025
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 04.04.2025

| क्र. | वस्तु/सामग्री का नाम | अमानत राशि |
|---|---|---|
| 01 | खाद्य सामग्री | 25000 |
| 02 | सब्जी तथा फल | 20000 |
| 03 | अण्डा व चिकन | 10000 |
| 04 | दैनिक उपयोगी सामग्री | 20000 |
| 05 | बेकरी | 8000 |

निविदा की शेष शर्तें एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय प्राचार्य, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पथरीडीह, विकासखण्ड-नगरी, जिला-धमतरी के सूचना बोर्ड एवं धमतरी जिले के वेबसाईट dhamtari.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**सहायक आयुक्त एवं सचिव**
**जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**

G-242505858/4

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-नारायणपुर, जिला नारायणपुर (छ.ग.)**
**निविदा सूचना क्र.-10/2024-25**

क्रमांक/866/निविदा/व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/2024-25, नारायणपुर दिनांक 07/03/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 21.03.2025 अपरान्ह 5.00 बजे तक आर्मंत्रित की जाती हैः-

| कार्य का नाम एवं स्थल | विकास खण्ड | जोन क्र. | ठेके की अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| रू. 10.00 लाख से कम लागत के भवन/मंच/ पुलिया / बाउन्ड्रीवाल / नाली/सी.सी. रोड़ सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य | नारायणपुर | 1 | 35.00 लाख |
| | | 2 | 35.00 लाख |
| | | 3 | 35.00 लाख |
| | | 4 | 35.00 लाख |
| | ओरछा | 1 | 35.00 लाख |
| | | 2 | 35.00 लाख |
| रू. 10.00 लाख से कम लागत के विभिन्न प्रकार के भवनों में विद्युतीकरण कार्य हेतु | नारायणपुर | 1 | 15.00 लाख |
| | | 2 | 15.00 लाख |
| | | 3 | 15.00 लाख |
| | | 4 | 15.00 लाख |
| | ओरछा | 1 | 10.00 लाख |
| | | 2 | 10.00 लाख |

2. उक्त निर्माण कार्यो की निविदा सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://res.cg.gov.in/ में दिनांक 10.03.2025 से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता,**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,**
**संभाग-नारायणपुर (छ.ग.)**

G-242505876/5

